दैनिक
# एशियन रिपोर्टर
RNI.NO.MPHIN/2013/54854
www.asianreporter.online

एशियन रिपोर्टर समूह
Since 1994
मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से प्रकाशित साप्ताहिक एवं दैनिक समाचार पत्र, ई-पेपर, न्यूज़ पोर्टल, और यूट्यूब चैनल से जुड़कर निष्पक्ष, निर्भीक, राष्ट्रवादी पत्रकारिता करें ।
मध्य प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों और नगरों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क -
व्हाट्सएप
8349212122

वर्ष : 12, अंक -187 | संपादक : कल्याण मल जैन | भोपाल, शुक्रवार 02 मई, 2025 | प्रधान संपादक : सुश्री मैना जैन | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आतंकियों को चुन-चुन कर जवाब मिलेगा: शाह

### भारत की इंच-इंच भूमि से आतंकवाद मिटाने का संकल्प

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निहत्थे पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए आज गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 1990 के दशक से कश्मीर में जो आतंकवाद चला रहे हैं, उनके खिलाफ पीएम मोदी ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। सरकार मजबूती से उनके खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

बकौल अमित शाह, हमारे 27 नागरिकों की जान लेकर आतंकवादी लड़ाई जीत गए हैं, उन्हें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा, वे यह संकल्प दोहराना चाहते हैं कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। जिन लोगों ने यह कृत्य किया है, उन्हें निश्चित रूप से उसका उचित दंड दिया जाएगा।



शाह ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, ये लड़ाई का अंत नहीं, ये केवल एक पड़ाव है। हर शख्स को चुन-चुन कर जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर, वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र हो या कश्मीर पर आतंकवाद की छाया हो, सरकार ने सबका मजबूती से जवाब दिया है। अगर कोई कायराना आतंकी हमला कर समझता है कि ये उनकी बड़ी जीत है।

### बोडोफा सभी छोटी जनजातियों के लिए महत्वपूर्ण

बता दें कि शाह ने जिस कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले पर टिप्पणी की, उसमें बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की विरासत को सम्मानित करने के लिए सड़क और प्रतिमा का उद्घाटन भी किया गया। इस समारोह में शाह ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे दिल्ली की कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का उद्घाटन करने का अवसर मिला है। यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की मूर्ति न केवल बोडो समुदाय बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती है।

## पीएम मोदी ने मुंबई में पहले वेव्स समिट-2025 का किया उद्घाटन

### वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो हर कलाकार, हर निर्माता का है

**मुंबई।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स-2025) का उद्घाटन किया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से ज्यादा देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक ही छत के नीचे जमा हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एवं एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स..ये सिर्फ एक ऐक्रोनिम नहीं है। ये एक वेब है- संस्कृति की, रचनात्मकता की। वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो हर कलाकार, हर निर्माता का



है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नई योजना के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा।

उन्होंने कहा कि आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के थे और कल ही उनकी जयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हमने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के जरिए से याद किया है। बीते सालों में मैं कभी गेमिंग वर्ल्ड, कभी म्यूजिक की दुनिया के लोगों से, फिल्म मेकर्स से मिला, कभी स्क्रीन पर चमकने वाले चेहरों से मिला। इन चर्चाओं में अक्सर भारत की रचनात्मकता, सृजनात्मक क्षमता और वैश्विक सहयोग की बातें उठती थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार चुनाव में फिर उतरेगी ओवैसी की पार्टी

**नई दिल्ली।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी गर्माहट अपने चरम पर है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार एक बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेगी। ओवैसी ने बताया कि पार्टी ने बहादुरगंज सीट से उम्मीदवार की घोषणा भी कर दी है और इस बार उनका पूरा ध्यान सीमांचल क्षेत्र पर रहेगा।अपने एलान में ओवैसी ने कहा कि हम बिहार चुनाव लड़ेंगे, जिसके लिए हमने बहादुरगंज से उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। आगे उन्होंने अपने बिहार दौरे को लेकर कहा कि मैं 3 मई को बहादुरगंज और 4 मई को एक अन्य स्थान पर जनसभा करूंगा। ओवैसी ने आगे कहा कि हम मजबूती से लड़ेंगे और हमारे उम्मीदवार पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। सीमांचल की जनता उन्हें सबक सिखाएगी जिन्होंने हमारे विधायक छीन लिए।गौरतलब है कि 2020 के चुनाव में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने सीमांचल की मुस्लिम बहुल पांच सीटें जीती थीं। लेकिन 2022 में चार विधायक राजद में शामिल हो गए, जिससे पार्टी के पास सिर्फ एक विधायक बचा। याद रहे कि एआईएमआईएम ने 2015 में अख्तरुल इमान के नेतृत्व में बिहार में अपनी शुरुआत की थी और 2020 में उसे सफलता भी मिली। अब पार्टी दोबारा अपना आधार मजबूत करने की कोशिश कर रही है।वहीं दूसरी ओर बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने कांग्रेस और राजद के गठबंधन को लेकर निशाना साधा।

### हेड कांस्टेबल को गोली मारने वाले पर 30 हजार का इनाम

**सतना।** जिले में थाना परिसर के बैरक में घुसकर हेड कॉन्स्टेबल को गोली मारने की सनसनीखेज घटना के 24 घंटे बीतने के बाद भी आरोपी आदर्श शर्मा पुलिस की पकड़ से बाहर है। वहीं इस मामले में एक्शन लेते हुए सतना एसपी ने थाना प्रभारी को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। साथ ही आरोपी पर 30 हजार का इनाम घोषित किया गया है।दरअसल सतना जिले में 28 अप्रैल को देर रात करीब 12 बजे जैतवारा थाना परिसर की बैरक में आदर्श शर्मा नकाबपोश होकर घुसा था। आदर्श शर्मा उर्फ अच्छू शर्मा फुरसत होकर भोजन की तैयारी कर रहे हेड कांस्टेबल प्रिंस गर्ग को गोली मारकर फरार हो गया था। घायल हेड कांस्टेबल प्रिंस गर्ग को तत्काल जिला अस्पताल सतना ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से जैतवारा थाना प्रभारी विजय सिंह को लाइन अटैच कर दिया। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की 12 विशेष टीमें बनाई गई हैं, जो मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर तक दबिश दे रही हैं। साथ ही आईजी स्तर पर खुद निगरानी करते हुए आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। एसपी खुद टीमों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।आदर्श शर्मा उर्फ अच्छू के खिलाफ पहले से ही गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड मौजूद हैं। कोलगवां थाने में उस पर दो, कोटर थाने में एक और जैतवारा थाने में पेट्रोल पंप पर उपद्रव का मामला दर्ज है।

## सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का हैं सशक्त माध्यम: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### सामाजिक समरसता का महाकुंभ मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह : पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे सनातन धर्म में सभी की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की गई है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। विवाह में सिर्फ वर-वधु का विवाह नहीं, बल्कि दो परिवारों और कुटुम्बों का मिलन भी होता है।

उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, उन्होंने जितने अच्छे से लालन-पालन किया उससे अच्छा लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23वें वृहद सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटैल, सांसद सागर संसदीय क्षेत्र श्रीमती लता वानखेडे, दमोह सांसद राहुल सिंह, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटैरिया, पूर्व विधायक श्रीमती पारुल साहू, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, श्री108 किशोरदास जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी पटैल, अभिषेक दीपू भार्गव, डॉ. अनिल तिवारी, शैलेश केसरवानी ने भी नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन के शुभारंभ पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

### सामाजिक समरसता का महाकुंभ है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह : विधायक पूर्व एवं मंत्री भार्गव

रहली विधायक एवं पूर्व मंत्री भार्गव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कन्यादान महादान है, कन्यादान करने से मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि 23 वर्ष पहले प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम जीवन के अंतिम क्षण तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका रहली की जनता के साथ पीढ़ियों का रिश्ता है। विधायक भार्गव ने कहा कि धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक महाकुंभ में आज 3 हजार 219 से अधिक नवदंपत्तियों ने सात फेरे लिए हैं। मुझे अब तक 28 हजार से अधिक बेटियों के कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन की अंतिम सांस तक बेटियों का कन्यादान करने का सिलसिला चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि कन्यादान विवाह समारोह समाज से भेदभाव मिटाने का कार्य भी कर रहा है।

## आज खुलेंगे बाबा केदार के कपाट ,भक्तों में उत्साह




**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने से पूर्व संख्या पर केदारनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ जमा हो गई है। देश के कोने-कोने से भक्त यहां पहुंचे हैं, और कपाट खुलने के शुभ अवसर का साक्षी बनने पहुंचे हैं।केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे विधिविधान से खुल जाएंगे।

आने वाले छह महीनों तक भोले बाबा यही पर भक्तों को दर्शन देंगे। कपाट खुलने से पूर्व केदारनाथ धाम में दस हजार से अधिक भक्त पहुंच गए हैं। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।पूरी केदारपुरी भोले बाबा के जयकारों से गूंज रही है। दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा समेत देश के विभिन्न राज्यों से भक्त दर्शनों को पहुंचे हैं। गौरीकुंड, सोनप्रयाग, गुप्तकाशी समेत यात्रा पड़ावों पर भी भक्तों की भारी भीड़ है।वहीं जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का दावा किया है।

सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।स्थानीय व्यापारियों और तीर्थ पुरोहितों में भी उत्साह का माहौल है, क्योंकि यह समय आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।विश्व प्रसिद्ध धाम केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के मौके पर मंदिर को 101 कुंटर फूलों से सजाया गया है। मंदिर के साथ ही शंकराचार्य समाधि समेत अन्य कुंड व भैरवनाथ मंदिर को भी फूलों से सजाया जा रहा है।केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है।

### अस्थायी रूप से कराची, लाहौर हवाई क्षेत्र बंद

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान बौखला गया है। गुरुवार को पाकिस्तान ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पूरे मई महीने के सभी दिन सीमित समय के लिए कराची और लाहौर के हवाई क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को बंद करने की घोषणा की है।पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और इस्लामाबाद के बीच




बढ़े तनाव और नई दिल्ली की तरफे से जवाबी कार्रवाई की आशंका के बीच पाकिस्तान के विमानन अधिकारियों की तरफ से यह घोषणा की गई है। एक स्थानीय समाचार पत्र ने एक आधिकारिक नोटिस का हवाला देते हुए कहा, प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र 1 मई से 31 मई के बीच स्थानीय समयानुसार प्रतिदिन सुबह 4 :00 बजे से सुबह 8ः00 बजे तक बंद रहेगा।पाकिस्तानी नागरिक विमानन प्राधिकरण (सीएए) ने कहा कि बंद होने से वाणिज्यिक उड़ान संचालन में कोई खास बाधा नहीं आएगी, क्योंकि प्रतिबंधित घंटों के दौरान विमानों को वैकल्पिक उड़ान मार्गों के माध्यम से भेजा जाएगा।वहीं एक दिन पहले भारत ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है।

## भारत की कार्रवाई से खौफ में पाकिस्तान

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से लगाई मदद की गुहार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की है कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति लाने की कोशिश कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप के लिए कश्मीर से बड़ा कोई संकट नहीं है।

#### पहलगाम आतंकी हमले के बाद बड़ा तनाव

यह बयान उस वक्त आया है जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में फिर से तनाव



बढ़ गया है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे दखल देकर भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित संघर्ष को रोकें।

#### पीएम मोदी ने सेनाओं को दी पूरी छूट

इधर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना के शीर्ष अधिकारियों से कहा है कि वे भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, समय और लक्ष्यों का खुद फैसला करें। यानी सेना को पूरी आजादी दी गई है कि वह आतंकवादी हमले का जवाब कैसे और कब दे।

#### भारत, पाकिस्तान परमाणु ताकतें- पाकिस्तानी राजदूत

पाकिस्तानी राजदूत शेख ने एक अमेरिकी मैगजीन से कहा, 'अगर हमारे पास एक ऐसा राष्ट्रपति है, जो दुनिया में शांति कायम करने के लिए अपनी पहचान बनाना चाहता है, तो कश्मीर से बड़ा कोई और परमाणु संकट नहीं है। भारत, पाकिस्तान और चीन — तीनों परमाणु ताकतें हैं।

## हमारे प्रधानमंत्री बिना समय सीमा के सुर्खियां बनाने में माहिर

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के फैसले की घोषणा के बाद केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी बिना समय सीमा के सुर्खियां बटोने में माहिर हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस फैसले को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं, खासकर सरकार की मंशा पर और मांग की कि जनगणना जल्द से जल्द होनी चाहिए। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में आयोजित एक बैठक में पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि वह बिना समय सीमा के सुर्खियां बनाने में माहिर हैं। रमेश ने कहा कि जैसे राहुल गांधी ने कहा था हेडलाइन तो दे दी, लेकिन डेडलाइन कहां है? हमारे पीएम मोदी बिना डेडलाइन के हेडलाइन देने में माहिर हैं। 2025-26 में गृह मंत्रालय में जनगणना आयुक्त कार्यालय, जिसे जाति जनगणना कराने की जिम्मेदारी दी गई है उसे बजट में 575 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, लेकिन 24 दिसंबर 2019 को मोदी सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना के लिए 8254 करोड़ रुपए की जरूरत है। तो, उद्देश्य और मंशा क्या है? सिर्फ हेडलाइन? इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की बाधा को हटाया जाना चाहिए। रमेश ने पूछा कि मोदी सरकार को ऐसा करने से कौन रोक रहा है।

### वैश्विक मंच पर डिजिटल तकनीक से सजा मध्यप्रदेश का पर्यटन वैभव

## अतुलनीय मध्यप्रदेश का वेव्स में गूंजता सन्देश

**मुंबई।** वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट में 'अतुलनीय मध्यप्रदेश' पवेलियन प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, पर्यटन स्थलों और विरासत को देखने के लिए आए आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक, इंटरैक्टिव मैप्स और वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से इस पवेलियन में मध्यप्रदेश की सुंदरता और विविधता को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया गया है।इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर एमपी टूरिज्म द्वारा प्रदेश के पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों, वन्य जीवन और




सांस्कृतिक विरासत को नवीनतम तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यह पवेलियन न केवल आगंतुकों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि निवेशकों, फिल्म निर्माताओं और नीति-निर्माताओं को भी प्रदेश की नई पर्यटन और फिल्म नीति के माध्यम से आमंत्रित कर रहा है।पवेलियन में थ्रीडी एनामॉर्फिक स्क्रीन पर वन्य जीवन, राष्ट्रीय उद्यानों और ऐतिहासिक स्थलों का वर्चुअल अनुभव कराया जा रहा है। ऑकुलस डिवाइस से आगंतुक प्रदेश की वर्चुअल यात्रा कर पा रहे हैं। साथ ही, टचस्क्रीन डिस्प्ले के माध्यम से मध्यप्रदेश की पर्यटन और फिल्म नीति से जुड़ी जानकारियां दी जा रही हैं। सभी आगंतुकों को ब्रोशर, मैप, साहित्य और स्मृति-चिन्ह भी प्रदान किए जा रहे हैं। देश-विदेश से आए कलाकार, इनोवेटर्स, पॉलिसी मेकर्स और निवेशकों को पवेलियन में प्रदेश की परंपराओं, प्राकृतिक सौंदर्य और विकास की संभावनाओं से अवगत कराया जा रहा है।

#### सजेगा वैभवशाली विरासत का मंच

2 मई को शाम 4 :30 बजे WAVES समिट के तहत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विशेष नृत्य-नाटिका 'अमृतस्य मध्यप्रदेश' की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में 100 से अधिक कलाकार नृत्य के माध्यम से मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध संस्कृति और विविध पर्यटन स्थलों का जीवंत चित्रण करेंगे। यह प्रस्तुति ओजपूर्ण संगीत, लय और रंगमंचीय तकनीक के माध्यम से अतिथियों को प्रदेश की सांस्कृतिक संपन्नता से अभिभूत करेगी।

## राममंदिर के दरवाजों पर मढ़ा जा रहा सोना



**अयोध्या।** राम मंदिर के दरवाजों पर फिर सोना लगाए जाने की शुरुआत हो गई है। अब फर्स्ट फ्लोर के 6 दरवाजों पर 18किलो सोना लगाया जा रहा है। हर दरवाजे पर 3 किलो सोना लगाया जाएगा। मुख्य कलश और राम दरबार के सिंहासन पर भी सोना लगाया जाएगा। इस पर 3 से 4 किग्रा सोना मढ़ा जाएगा। करीब एक साल पहले राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के 14 दरवाजों पर सोना लगाया गया था। हर दरवाजे पर करीब 3 किलो सोना लगा। जून में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, ट्रस्ट 3 दिन तक उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है।

# भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में बनेगा परशुराम धाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



छिन्दवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर जिले में महू के निकट जानापाव सनातन संस्कृति के सात चिरंजीवियों में से एक भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली है। भारत भूमि पर यह एक अद्वितीय स्थल है। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाए और अधर्मियों का समूल नाश कर दिया और सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने सनातन समाज को निर्भय होकर जीने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगवान परशुराम जयंती पर महू में परशुराम प्रकटोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि जानापाव में परशुराम धाम विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय श्रीमती सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सदस्य श्रीमती कविता पाटीदार, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, विधायक श्री गोलू शुक्ला सहित साधु-संत तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण के काल तक भगवान परशुराम के पराक्रम और उनके शस्त्रों की महत्ता दिखाई देती है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण के काल में भगवान परशुराम के सुदर्शन चक्र की लीला देखने को मिली। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना प्रिय सुदर्शन चक्र भगवान श्रीकृष्ण को दिया था। भगवान परशुराम कौरव-पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के भी गुरु थे। उन्होंने निडर होकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया ।

धर्म और संस्कृति को पल्लवित कर रही प्रदेश सरकार- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत भूमि पर देवी-देवताओं की कृपा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार देश की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। हमारी संस्कृति ÷जियो और जीने दो÷ पर आधारित है। प्रदेश में सनातन संस्कृति के विकास के लिए राज्य सरकार ने गीता भवनों के निर्माण का संकल्प लिया है। राज्य सरकार धर्म और संस्कृति को पुष्पित-पल्लवित करते हुए आगे बढ़ रही है। गरीब, अन्नदाता (किसान), युवा और नारी कल्याण के लिए 4 मिशन शुरू किए गए हैं। किसानों की समृद्धि के लिए प्रदेश में एक-एक खेत तक सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश में 2 वृहद नदी जोड़ो परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल की शुरुआत हो चुकी है। अब बुंदेलखंड, चंबल, निमाड़ और मालवा के कई जिलों के किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा।

## तिपान नदी में बोरी बंधान से जल संरक्षण की पहल, ग्रामवासियों ने ली शपथ




**जैतहरी**

जन अभियान परिषद के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड जैतहरी की ग्राम पंचायत कदमसरा स्थित तिपान नदी में बोरी बंधान कर जल संरक्षण की मिसाल पेश की गई। इस दौरान ग्रामीणों, सीएमसीएलडीपी छात्रों और परामर्शदाताओं के संयुक्त प्रयास से नदी में 64 बोरियों का बंधान किया गया। इस पहल का उद्देश्य जलस्तर बढ़ाने के साथ-साथ गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए जलस्रोत सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच, उपसरपंच, सचिव अमृतलाल सिंह, जन अभियान परिषद अनूपपुर के जिला समन्वयक उमेश पांडे, जिला पंचायत से संदीप शुक्ला, ब्लॉक समन्वयक फत्ते सिंह, लीड नवांकुर दिनेश विश्वकर्मा, सेक्टर परामर्शदाता टीकम सिंह नायक व संगीता नागेश सहित सीएमसीएलडीपी छात्र राम सिंह, जीतेंद्र केवट, ऋषभ दुबे, अभिषेक नागेश, रामबाई और संध्या नागेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

## प्रमुख संक्षिप्त

### इंदौर में आयोजित CMAS 20वी अबेकस एरिथमैटिक मेंटल प्रतियोगिता में चचाई अनूपपुर के छात्रों ने परचम लहराया।



चचाई । विगत दिनों 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित ष्ट्ररू- 20वी एबेकस एरिथमेटिक मेंटल प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर के 350 से अधिक सेंटरो से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें विद्युत नगरी चचाई (अनूपपुर) की मां शारदा अबेकस क्लासेज के नौ होनहार विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया केवल 8 मिनट में 200 प्रश्न हल कर इन विद्यार्थियों ने न केवल समय पर विजय पाई बल्कि पूरे मंच पर अपना परचम लहरा सम्मान अर्जित किया। इस कार्यक्रम में प्रथम रनर अप विद्युत नगरी चचाई डबल डी कॉलोनी की छात्रा नित्या तीतरमारे पिता कृष्ण कुमार रही वहीं अन्य आठ मेरिट अवार्ड प्राप्त छात्रों में नेत्रिका दौलतानी पिता मनीष दौलतानी, जागृति सिंह पिता लव कुश सिंह, ईकेश्वर कुशवाहा पिता अजय कुशवाहा, देवेश राजवंशी पिता आलोक राजवंशी, प्रशा हजारी पिता बलराम जाटव, श्रद्धा बैगा पिता सिया शरण बैगा, लक्ष्य भारद्वाज पिता धर्मेंद्र भारद्वाज, एवं निराली भैरम पिता राजेश भैरम।

यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत अभिभावकों का अपार सहयोग और मां शारदा अबेकस क्लासेज के समर्पित शिक्षकों को जाता है।

### पानी बचाने की मुहिम खेत तालाब और रिचार्ज पिट से सजे गांव

अनूपपुर, । कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु ग्राम पंचायतों में खेत तालाब, अमृत सरोवर और रिचार्ज पिट का निर्माण किया जा रहा है। ब तक जिले में 3352 खेत तालाब, 12 अमृत सरोवर और 119 डगवेल रिचार्ज संरचनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। खेत तालाबों से किसानों को सिंचाई में सहायता मिलने के साथ ही भूजल स्तर भी बढ़ेगा। जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 3739 खेत तालाबों का लक्ष्य निर्धारित है, जिनमें से 2140 कार्य शुरू हो चुके हैं। साथ ही 12 अमृत सरोवरों में से 9 पर कार्य प्रारंभ हो चुका है, जबकि 400 कूप रिचार्ज लक्ष्यों के विरुद्ध 408 चिन्हित हुए, जिनमें से 210 कार्यों की शुरुआत हो चुकी है। जल संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है। स्कूलों में निबंध, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताएं हो रही हैं। महिला स्वसहायता समूह व जन अभियान परिषद द्वारा रैलियाँ निकाली जा रही हैं। कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी और पुष्पराजगढ़ में महिलाओं ने जल संगोष्ठियों से जनजागरूकता का संदेश दिया।

## अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर, संपन्न हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत 70 कन्याओं का विवाह सम्पन्न



**शहडोल।**

मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत जिले के जयसिंहनगर के हनुमान मंदिर प्रांगण में सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 70 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति रिवाज एवं मत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन कि जिम्मेवारी जिला प्रशासन सम्हाल रहा था। वहीं जनप्रतिनिधि एवं आम जन बाराती थे। जयसिंहनगर के हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह से ही खुशनुमा माहौल था। ग्रामीण जन अतिथियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था में जुड़े हुए थें। घराती एवं बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। ढोल ढमाके, बाजे,गाजे के साथ बारात निकली, जिसकी अगुआई जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर डॉ केदार सिंह, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, तहसीलदार जयसिंहनगर श्रीमती सुषमा धुर्वे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी द्वारा की गई। सात फेरों एंव मत्रोच्चारण के साथ वैदिक परंपरा के अनुसार 70 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए। जो नव दम्पत्ति को गृहस्थी के सामान एवं अन्य कार्यों के लिए व्यय किए जा सकेगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। कन्याओं का विवाह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को अपनी जमीन या जायजाद गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कन्या पक्ष वर तलाश कर ऑनलाइन आवेदन करें। विवाह की सम्पूर्ण जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी। आयोजित सामूहिक विवाह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती मालती सिंह, नगर नगर परिषद अध्यक्ष जयसिंहनगर श्रीमती सुशीला शुक्ला, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती रक्षा शिबू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी एंव काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## अवैध रेत परिवहन पर पुलिस ने किया ट्रैक्टर जप्त



**अनूपपुर**

जिले के थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम धुम्मा में धुम्मा नाला के पास रेड कार्यवाही कर एक सोनालिका कम्पनी का ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 65, 0588 में लोड 3 घन मीटर अवैध रेता (खनिज) कीमत 5 हजार, आरोपी चालक सुधेश कोल पिता राम खिलावन उम्र 29 साल निवासी भर्राटोला सकोला के द्वारा अवैध खनिज रेत ट्रेक्टर मालिक विजय कुमार साहू पिता लखन लाल साहू उम्र 38 साल निवासी पकरिहा श्रमिक नगर के कहने पर धुम्मा नाला से रेता चोरी कर परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी चालक से उक्त ट्रेक्टर मय लोड 3 घन मीटर रेज जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया, जिस पर

## सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले के किसानों और संबल के हितग्राहियों को करोड़ों की राशि वितरित की

**योजनांतर्गत जिले के 2,26,986 किसानों को 12वीं किस्त में मिले 45.39 करोड़**



छिन्दवाड़ा। कलेक्ट्रेड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनांतर्गत जिले के 2,26,986 किसानों को 12वीं किस्त के रूप में 45.39 करोड़ वितरित किये। वही मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में जिले के 981 हितग्राहियों को 21 करोड़ 16 लाख की राशि भी वितरित की गई। इस दौरान कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 85 लाख से अधिक किसानों को 1704.94 करोड़ की राशि का वितरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री यादव ने किसानों को वर्चुअल संबोधित करते हुए किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। सीएम किसान योजना अंतर्गत 12 वीं किस्त के रूप में प्रत्येक किसान को आधार लिंक खाते में 2000 की राशि उनके खाते में डाली गई हैं। जिसके तहत परासिया के 12918, चौरई के 21054, बिछुआ के 16500, जुन्नारदेव के 26070, उमरेठ के 18149, चांद के 12575, छिन्दवाड़ा के 18798, मोहखेड़ के 29969, छिन्दवाड़ा नगर के 2326, तामिया के 14852, अमरवाड़ा के 33458, हर्रई के 20327 के किसान शामिल है। इसी तरह मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में जिले के 981 हितग्राहियों को 21 करोड़ 16 लाख की राशि दी गई है। जिसके अंतर्गत अनुग्रह सहायता एवं दुर्घटना सहायता के हितग्राही शामिल है। जिसके तहत जनपद पंचायत अमरवाड़ा के 108, बिछुआ के 50, छिन्दवाड़ा के 83, चौरई के 95, हर्रई के 32, जुन्नारदेव के 127, मोहखेड़ के 128, परासिया के 145, तामिया के 55, नगरनिगम छिन्दवाड़ा के 71, नगरपालिका परासिया के 9, अमरवाड़ा के 3, चौरई के 10, दमुआ के 8, जुन्नारदेव के 18, बड़कुही के 9, बिछुआ के 2, चांद के 3, चांदामेटा के 10, हर्रई के 6 एवं न्यूटन चिखली के 9 प्रकरण शामिल है। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, महापौर विक्रम अहके, वरिष्ठ नेता राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बजोलिया, रमाकांत पटेल, नीलू क्षत्रिय, निशा गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नगर परिषद पहुंची महिला पत्रकार से की गयी अभद्रता

अनूपपुर। जिला क्षेत्रांतर्गत नगर परिषद बनगवां एवं डोला में संविलियन भर्ती से सम्बंधित समाचार के संकलन के लिए पहुंची महिला पत्रकार सुमिता शर्मा पर परिषद के कर्मचारियों द्वारा ना केवल अभद्रता की गई। अपितु मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर एम.एम. कॉलेज कोतमा में भव्य आयोजन

**कोतमा**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी 14 अप्रैल 1891 की 134वीं जयंती के अवसर पर चल रहे पखवाड़े अंतर्गत 27 अप्रैल को एम.एम. कॉलेज, कोतमा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम के सीएमसीएलडीपी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हनुमान गर्ग जन भागीदारी अध्यक्ष कोतमा कॉलेज, डोगरिया सरपंच कृष्ण पाल, ओंकार सिंह, तथा सी एम सी एल डी पी से जुड़े मेटर मोहम्मद नजीर खान, मुकेश गौतम, पार्वती वर्मा, रश्मि रैकवार, सरिता त्रिपाठी एवं नवांकुर सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हनुमान गर्ग ने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब के संघर्ष, विचारधारा और संविधान निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने युवाओं को बाबा साहेब के ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो÷ के मंत्र को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, कविता पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन और आदर्शों का प्रभावशाली चित्रण किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों ने इन प्रस्तुतियों की सराहना की जिससे छात्रों का उत्साहवर्धन किया।



## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**शहडोल।**

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है,एक ही ट्रैक्टर ट्राली के पीछे टकराने से दो अलग-अलग घटनाओं में यह मौत हुई है। इसमें पुलिस की भी लापरवाही सामने आई। घटना ज़िले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के कौआ सराई के पास शहडोल रीवा मार्ग की है। पुलिस ने बताया कि जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के कौआ सराई क्रेशर से ट्रैक्टर ट्राली में गिट्टी लोड वाहन गांव की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही बाइक ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसी , जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ,और घटना के तुरंत बाद बाइक में आग लगा गई। घायल बाइक सवार को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां उसने दम तोड़ दिया। बाइक की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर होने के बाद बाइक में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बाईक सवार घायल युवक को अस्पताल भिजवाने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी, जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों को आग लगने की जानकारी दी, जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा तब तक आग ने बाइक को जलाकर राख कर दिया था। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर इंजन को जप्त किया, क्योंकि आग लगने की वजह से ट्रैक्टर ट्राली में लगा टायर भी चल चुका था, जो थाने लाने के कंडीशन में नहीं था।पुलिस ने ट्रैक्टर के इंजन को मौके से जप्त कर लिया, और ट्राली को मौके पर ही खड़ा रहने दिया,जिसकी वजह से बुधवार की सुबह फिर एक बाईक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया और उसकी जान चली गई।एक ही ट्राली की टक्कर लगने से 10 घंटे के भीतर दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई, स्थानीय लोगों ने पुलिस पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। बुधवार की सुबह तकरीबन 10 बजे जली हुई ट्रैक्टर ट्राली के पीछे टक्कर होने से बाइक सवार एक और युवक की मौत हो गई है । मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि बाईक सवार युवक गोहपारू से ब्यौहारी की ओर जा रहा था। तभी शहडोल रीवा मुख्य मार्ग कौआ सराई के पास दुर्घटनाग्रस्त ट्रॉली सड़क पर खड़ी थी जिसके पीछे युवक की बाइक घुस गई और युवक राकेश सिंह पिता भैया लाल (34) निवासी चंदौल थाना गोहपारूकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है,घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने जयसिंहनगर पुलिस पर सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि मंगलवार की रात जब सड़क हादसा हुआ था, तो पुलिस मौके पर पहुंची थी,और ट्रैक्टर की इंजन को मौके से जप्त किया था। और दुर्घटनाग्रस्त ट्राली को सड़क पर ही खड़ा रहने दिया, जिसकी वजह से बुधवार की सुबह फिर एक बाइक सवार युवक सड़क हादसे का शिकार हुआ और उसकी जान चली गई है। उप निरीक्षक जीवन सिंह टेकाम से जब संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि मंगलवार की रात एक सड़क हादसा हुआ था।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन, बाबा साहब का संपूर्ण जीवन प्रेरणादाई रहा

**पुष्पराजगढ़**

28 अप्रेल2025 को भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती पखवाड़े के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर विकासखंड पुष्पराजगढ़ द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ में किया गया। जयंती कार्यक्रम के अवसर पर सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर फूल माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अतिथि जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश सिंह ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब व्यक्ति नहीं एक विचारधारा थे बाबा साहब का संपूर्ण जीवन प्रेरणादाई रहा है उनके आदर्शों से हमें सीख लेकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्री नर्मदा सिंह ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने सबके लिए हमेशा समानता स्वतंत्रता बंधुत्व की वकालत की। उन्होंने समाज को एकरूपता में बांधने का मंत्र दिया था तथा सामाजिक भेदभाव दूर कर विश्व बंधुत्व की भावना के साथ आगे बढ़ाने का मंत्र दिया था ।आज हमें उनके विचारधारा तथा आदर्शो पर चलकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर देवेंद्र तिवारी ने कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहब का प्रमुख योगदान था ।वह मानते थे की शिक्षा ही वह जरिया है जिससे व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा बदल सकता है। बाबा साहब ने कानून बनाते समय सुनिश्चित किया कि हर नागरिक को समान अधिकार मिले। वे अंधविश्वास के खिलाफ थे वे हमेशा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को महत्व देते थे उनका मानना था कि रूढ़िवादिता एवं अंधविश्वास से समाज का विकास रुक जाता है। उन्होंने हमेशा कानून के दायरे में रहकर बदलाव लाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री उमेश पांडे जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहब की जीवन शैली सरल एवं सहज थी। बाबा साहब का पूरा जीवन संघर्षों से भरा रहा है लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी हमेशा दूसरों के लिए लड़ाई लड़ी वह मानते थे की मेहनत से ही सफलता मिलती है। हमारा जन अभियान परिषद इसी मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहा है।



**खास** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा द्वितीय पाली ने शानदार जीत दर्ज की

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा प्रथम व द्वितीय पाली के बीच सेमी फाइनल मैच संपन्न

छिन्दवाड़ा। 54वीं संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आज चौथे दिन की शुरुआत शुक्ला ग्राउंड पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा (प्रथम व द्वितीय पाली) के बीच सेमी फाइनल मैच से हुई, जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा (द्वितीय पाली ) ने शानदार जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई ।

विद्यालय के खेल शिक्षकों शिवा और पंकज शर्मा ने बताया कि अंडर 17 का दूसरा मैच पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जी.सी.एफ क्रमांक-1 जबलपुर के बीच खेला गया, जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जी.सी.एफ. क्रमांक-1, 6 विकेट से जीता। तीसरा मैच शुक्ला ग्राउंड में जो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा (प्रथम पाली) और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली के बीच खेला गया। जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली ने डबल सुपरओवर के बाद जीत हासिल की । वहीं पी.जी. कॉलेज मैदान में आयोजित हार्ड लाइन मैच में डिंडोरी ने जीतकर अंडर 14 में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की खेल कोच श्रीमती मेखिला ने बताया कि देर शाम तक टेबल टेनिस के विभिन्न वर्गो में व्यक्तिगत स्पर्धा जारी थी । टेबल टेनिस की तीन दिवसीय सम्भागीय स्पर्धा का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर द्वारा गत दिवस खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया था। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा से संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गई छात्राओं ने 200 मीटर की फाइनल रेस में श्रुति ने पहला स्थान और मनु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अंडर 17 आयु वर्ग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा की छात्रा मनु ने 400, 100 और 200 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं श्रुति ने रजत पदक प्राप्त किया । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिनमें राजवीर ने 110 मीटर बाधादौड़ में रजत पदक और 200 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक और लंबी कूद प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। वीर राजपूत ने 400 मीटर बाधादौड़ में कांस्य पदक और 800 मीटर रेस में भी कांस्य पदक जीता। अंडर 19 में वेदांत ने हैमर प्रतियोगिता में रजत पदक और डिसकस थ्रो में कांस्य पदक जीता। अंडर 14 में आयुषी ने शॉट पुट में कांस्य पदक जीता । विद्यालय प्राचार्य श्री धारकर ने न केवल छिंदवाड़ा में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं बल्कि अन्य स्थानों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट और ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री धारकर ने एतिहासिक प्रदर्शन के पीछे विद्यालय के खेल शिक्षकों शिवा, पंकज शर्मा, मेखिला और पंकज शाक्य की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया।

# छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 928 जोड़ों ने रचाई शादी

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव की वर्चुअल उपस्थिति में सम्पन्न हुआ भव्य सामूहिक विवाह समारोह



छिन्दवाड़ा। नगर निगम छिन्दवाड़ा एवं जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा के सयुंक्त तत्वाधान में जिले में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन इनर ग्राउंड छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ, जिसमें 928 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। सुबह 8 बजे दशहरा मैदान से सजी-धजी बारात रवाना हुई, जो इनर ग्राउंड तक पहुंची। बारात का स्वागत स्वयं छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू, कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, महापौर विक्रम अहके, शेषराव यादव वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मंडप द्वार पर किया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भी दीं शुभकामनाएं - छिंदवाड़ा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास और सामाजिक समरसता की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

सांसद श्री साहू ने दिया नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद- सांसद बंटी विवेक साहू ने इस आयोजन में शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता और सहयोग का एक जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम में महापौर श्री विक्रम अहके, जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की और सभी नवविवाहितों को शुभकामनाएं दीं।

सांस्कृतिक विविधता में सजी एकता की तस्वीर- समारोह में विभिन्न धर्मों और समुदायों के जोड़ों ने अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संस्कार संपन्न किए। हिंदू जोड़ों ने वैदिक विधियों से फेरे लिए, मुस्लिम जोड़ों ने निकाह की परंपरा निभाई, वहीं आदिवासी समुदाय के जोड़ों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपने रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संस्कार सम्पन्न किए, जिससे आयोजन में सांस्कृतिक विविधता की सुंदर छटा देखने को मिली। मंच से पुष्पवर्षा कर अतिथियों ने नवविवाहितों का अभिनंदन किया और माहौल उल्लासमय हो गया। चेक वितरण से मिला आर्थिक संबल- इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू, महापौर विक्रम अहके सहित अन्य अतिथियों ने प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को प्रतीकस्वरूप 49,000 रुपए के चेक वितरित किए। यह राशि सीधे उनके खाते में पहुंचेगी।

### प्रशासनिक सहभागिता से सफल आयोजन

इस गरिमामय आयोजन में एसपी अजय कुमार पाण्डेय , जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, नगर निगम पार्षदगण, नगर निगम और जनपद पंचायत छिंदवाड़ा के अधिकारी, कर्मचारी गण और नवविवाहितों के परिजन मौजूद थे।

## एमजीएम स्कूल धनपुरी में समर कैम्प का संपन्न



एमजीएम स्कूल धनपुरी में विगत एक हफ़्ते से चल रहे समर कैम्प 2025 का शानदार संपन्न हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समर कैम्प में कक्षा नर्सरी से आठवी तक के 250 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य फ़ादर जोश के वर्गीज़ ने संबोधित करते हुए कहा की 'यह समर कैम्प केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, सहयोग और नई चीज़ें सीखने का मंच था जिसमे विद्यार्थियों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया।शिक्षक- शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, कैलीग्राफी, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट, आर्ट राइटिंग, नृत्य, स्केचिंग, फ़न गेम, वाटर फ़न जैसी रोचक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की उपप्राचार्य श्रीमती जॉर्जिना ग्रेस ने भी संबोधित करते हुए कहा की समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना और उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारन था। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य फादर जोश के वर्गीज़ एवं उपप्राचार्य श्रीमती जॉर्जिना ग्रेस ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए तथा छात्रों के अभिभावकों को उनके सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद दिया एवं प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रमुख संक्षिप्त

### समय-सीमा के पत्रों का गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में करें निराकरण - कमिश्नर




**शहडोल।** आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मंगलवार को संभाग के तीनों जिलों की समय-सीमा से संबंधित पत्रों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय-सीमा के पत्रों का गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। आपने कहा कि संबंधित कलेक्टर विभिन्न विभागों से संबंधित समय-सीमा के पत्रों की जानकारी एवं उन पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भिजवाना सुनिश्चित कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह, डिप्टी कमिश्नर श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित विभिन्न विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने नर्मदा जी का पूजन अर्चन कर, मांगा आशीर्वाद



**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में पतित पावनी मां नर्मदा जी का पूरे भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चन कर दर्शन किया । इस दौरान राज्यपाल रमन डेका नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर पहुंचकर उद्गम स्थल मे पूरे विधि विधान भक्ति भाव के साथ नर्मदा उद्गम कुंड में नर्मदा मंदिर के पुजारी कामता प्रसाद द्विवेदी नीलू महाराज ने अपने साथी उमेश द्विवेदी, बंटी महाराज, सुनील द्विवेदी तथा रूपेश द्विवेदी बबलू के साथ मंत्रोचारण के साथ पूजन अर्चन अभिषेक कराया। तत्पश्चात राज्यपाल ने पतित पावनी मां नर्मदा मंदिर में विधिवत भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चन दर्शन किया तथा मां पार्वती एवं अमरकंटेश्वर महादेव में पूजन दर्शन किया, नर्मदा मंदिर के मंदिर समूह की परिक्रमा कर मंदिर के पीछे विश्रांति किया, नर्मदा मंदिर के पुजारियों द्वारा राज्यपाल को चुनरी ओढ़ कर सम्मान किया गया, भोग प्रसाद दिया गया। इस दौरान उन्होंने पुजारी गणों के साथ फोटो सेशन भी कराया ।

## गांव में रोजगार-पलायन पर वार



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे के साथ जतारा जनपद की ग्राम पंचायत रानीगंज एवं रतनगुंवा पंचायतों में पहुंचकर गांव में रोजगार-पलायन पर वार अभियान अंतर्गत मजदूरों के पलायन रोकने की पहल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत रानीगंज में मनरेगा अंतर्गत भेड़ फार्म के पास फिरोजपुरा में 9.74 लाख रूपये की लागत से चल रहे तालाब मरम्मत एवं निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें मौके पर मजदूर मातादीन, प्रेम, नंदकिशोर रजक, पार्वती, पवन, आरती, करन, मंजू, हरखू, पंकज, कमलेश, चंदा, नंदकिशोर, भगीरथ, संजय, गंगाराम, दिनेश, काशीराम, बाती कुशवाहा, आदि कार्य करते हुए पाए गए। मजदूरों द्वारा बताया गया कि वह पहले दिल्ली में मजदूरी के लिए जाते थे, परंतु जिला प्रशासन व सरपंच श्रीमती पुख्खन देवी अहिरवार की पहल से अब उन्हें ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण तालाब निर्माण में रोजगार मिल रहा है और कार्य की मजदूरी उनके बैंक खाते में सीधे जाती है, जिससे उन्हें दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा पलायन पंजी में से मजदूरों का मिलान किया गया व ग्राम पंचायत को सख्त हिदायत व निर्देश देते हुये कहा कि कि सभी मजदूरों को ग्राम पंचायत में ही मनरेगा योजना के तहत पर्याप्त काम मिले। ग्राम पंचायत रानीगंज में मनरेगा योजनांतर्गत तालाब में चल रहे निर्माणकार्य, पर्कुलेशन टैंक, लागत 1.99 लाख, सृजित मानव दिवस संख्या 800, का निरीक्षण के दौरान मौके पर मजदूर रमेश पुष्पा देवेंद्र देशराज रजनी शीला चिंतामणि सोमवती सुमन चक्की आदि कार्य करते हुए पाए गए।

ज्ञातव्य है कि जिला प्रशासन की पहल पर जिले में पलायन रोकने हेतु गांव में रोजगार-पलायन पर वार अभियान चलाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को उनके गांव में ही पर्याप्त रोजगार उपलब्ध हो सके। अभियान अंतर्गत जिले में अब तक 75 ऐसे गांव चयनित किये गये हैं जहां पलायन की समस्या अधिक है।इसके साथ ही कलेक्टर श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायत रानीगंज एवं रतनगुंवा में जनसुनवाई की तथा लोगों की समस्या सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को समाधान किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई में ग्रामीणों से खाद्यान वितरण, आवास के सर्वे में नाम जोड़ने एवं पेयजल के संबंध में जानकारी ली तथा पात्र व्यक्तियों के नाम 30 अप्रैल 2025 तक जोड़ने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मजदूरों को आश्वासन दिया कि उनको उनकी ग्राम पंचायत में ही रोजगार मिलेगा।

## घुनघुटी में पथौरा कोल ब्लॉक के लिए लोक सुनवाई संपन्न

**उमरिया ।**

जिले के पाली ब्लॉक अंतर्गत घुनघुटी ग्राम में भारत सरकार द्वारा आवंटित पथौरा कोल भूमिगत ब्लॉक की लोक सुनवाई गत दिवस स्थानीय विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम ने कहा कि लोक सुनवाई के दौरान जनता की तरफ से आई आपत्तियों एवं सुझावों को भारत सरकार को अक्षरशः भेजा जाएगा जिसके बाद कोल ब्लॉक आवंटन की एनओसी सरकार द्वारा जारी की जाएगी।लोक सुनवाई के दौरान प्रभावित ग्रामीणों ने गांव में विकास रोजगार,शिक्षा,चिकित्सा,पर्यावरण,जल आपूर्ति,जैव विविधता,उचित मुआवजा,जंगल और वन्य जीव के सरंक्षण को लेकर कंपनी के सामने मांग रखी जिस पर कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए ग्रामीणों की सभी मांगों को शासन की मंशानुरूप पूर्ण करने का भरोसा दिया। भारत सरकार द्वारा जिले के पाली ब्लॉक में आठ कोल परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका ऑक्शन होने के बाद कंपनियों ने कोयला खनन की बेसिक प्रक्रिया की शुरुआत की है।

0.80 मिलियन टन सालाना कोयला का उत्पादन पथौरा कोल ब्लॉक परियोजना के ऑक्शन के बाद कोल उत्खनन का कार्य मेसर्स बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड मिला है। परियोजना की अनुमानित लागत 613.75 करोड़ रुपए एवं कार्यकाल 50 वर्ष का है और कुल 554 हेक्टेयर क्षेत्र में भूमिगत कोयला उत्खनन किया जाएगा परियोजना में प्रभावित ग्राम घुनघुटी,गिठौरी,पतनार कला शामिल है। बजरंग पावर एंड इस्पात कंपनी के प्रतिनिधि एसडी द्विवेदी ने आम जनता की तरफ से बताई गई मांग और सुझावों पर कंपनी का पक्ष रखते हुए कहा कि ग्रामीण जनों की मांग पर घुनघुटी में कंपनी सर्वसुविधा युक्त अस्पताल,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक विद्यालय,गांवों में बिजली और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के विकास की बात कही ।साथ ही वन एवं वन्य जीव सरंक्षण,वाटर लेबल,पर्यावरण, डस्ट आदि से बचाव एवं रोजगार में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिए जाने का भरोसा दिया। लोक सुनवाई के दौरान तीनों ग्रामों के ग्रामीणो ने अपनी बाते रखी । इस अवसर पर रीजनल ऑफिसर पर्यावरण मुकेश श्रीवास्तव , एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष ज्ञानवती सिंह, जनपद पंचायत पाली के उपाध्यक्ष, तहसीलदार डीलन सिंह मरावी, अवधेश सिंह बघेल,सामाजिक कार्यकर्ता रविकांत द्विवेदी,अशोक नायक प्रदीप तिवारी,जाकिर खान,दिनकर सिंह,दीप्ति सिंह,सूर्यभान यादव,अभय शिवहरे एवं पवन अवस्थी, कोल ब्लॉक से प्रभावित ग्राम घुनघुटी,गिठौरी,पतनार कला के ग्रामीण मौजूद रहे।

## 3 अंतर्राज्यीय चोर गिरोह गिरफ्तार, 3 लाख की 3 मोटर सायकल को पुलिस ने किया जप्त

**अनूपपुर**

थाना कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में सक्रिय अंतरर्राज्यीय मोटर सायकल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी की तीन मोटर सायकलें जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम के द्वारा राजा वासूदेव पित पिता कमलेश वासुदेव उम्र करीब 25 साल निवासी ग्राम केल्हौरी थाना चचाई अनूपपुर को दोपहर चोरी की मोटर सायकल काले रंग की पल्सर बिना नम्बर प्लेट की ले जाते हुए पकड़ा, पूछताछ की गई तो उक्त मोटर सायकल थाना जैतहरी के खूंटाटोला से चोरी करना स्वीकार किया, 1 लाख दस हजार रूपए कीमत मोटर सायकल को जप्त किया जाकर गिरफ्तार किया गया।

## युवा टीम बनी बेसहारा पशुओं की सहारा, गर्मी में चारा-पानी की कर रहे व्यवस्था

**शहडोल।**

भीषण गर्मी में पशु सेवा पहल अभियान के अंतर्गत शहडोल संभाग कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता व कलेक्टर डॉ केदार सिंह के आवाहन पर युवा टीम शहडोल बेसहारा मवेशियों की सेवा में जुट चुकी है। इसी के तहत युवाओं की टोली ने पशुओं को राहत देगा एक नाद अभियान का शुभारंभ किया। युवा स्वयं के खर्च में कटौती कर मवेशियों के लिए चारा-पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। ताकि मवेशियों को गर्मी में पानी, चारा के लिए भटकना न पड़े।



पशुपक्षी मित्र हिमांशु तिवारी ने बताया कि बेजुबान जानवरों और पक्षियों को पानी पिलाने के लिए नई व्यवस्था की है। टीम ने स्वयं से सीमेंट के नाद बनाएं हैं। नाद को लोगों के घरों के सामने रखा जा रहा है। लोगों से यह सहमति ली जा रही है कि वे रोज नाद में स्वयं पानी भरेंगे साथ ही नादो की सफाई भी स्वयं ही करेंगे। ताकि जानवरों को रोज साफ-सुथरा पानी मिल सके। गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी की कमी एक बड़ी मुसीबत साबित होती है। पानी के स्त्रोत सूख जाते हैं। ऐसे में पशु-पक्षी पानी के लिए भटकते रहते हैं। इन्हें बचाने यह पहल जरुरी थी। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह पर नाद में पानी भर कर रखा जा रहा है ताकि पशु और पक्षियों को गर्मी में प्यास बुझाने में सुविधा हो सके। युवाओं ने अपील है कि प्रत्येक व्यक्ति को पूरे मनोयोग से इस अभियान में जुड़कर अपना योगदान देना चाहिए। ताकि किसी भी जानवर को पानी की किल्लत न हो। इसी उद्देश्य के साथ लोगों को इस जल सेवा अभियान में जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को पूरी गर्मी में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पशु मित्र हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, शिखा बर्मन, सपना नापित, वैष्णवी बर्मन, उर्मिला सेन, नन्हे बच्चे अंशित नापित, पुर्वी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विदेश में नौकरी के नाम पर 'सायबर गुलामी' कराए जाने के संबंध में एडवाइजरी'

**टीकमगढ़**

पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई* द्वारा टीकमगढ़ जिले में साइबर अपराधों से बचाव हेतु साइबर सेल के माध्यम से एडवाइजरी जारी कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है इसी तारतम्य में वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र में आकर्षक नौकरियों के नाम पर भारतीय प्रवासी अब एक नए तरह के जाल में फंस रहे हैं, जहाँ भारतीयों को उच्च वेतन वाली नौकरियों का भ्रामक वादा करके ÷साइबर गुलामी÷ करवाई जा रही है। ÷साइबर गुलामी÷ शोषण का एक आधुनिक रूप है, जिसमें व्यक्तियों को अवैध रूप से बंधक बनाकर साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जाता है अतः इस प्रकार के साइबर अपराधों से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की जा रही है जिसमें आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया जा सके ।




कार्यप्रणाली

वर्तमान में विदेश में नौकरी और अधिक रुपये कमाने की चाहत रखने वाले युवाओं पर इंटरनैशनल साइबर फ्रॉड माफिया की नजर है। युवाओं के CV(Curriculum vitae) जॉब साइट्स और सोशल मीडिया पर अपलोड करते ही साइबर फ्रॉड माफिया उन्हें साइबर स्लेव (गुलाम) बनाने के लिए उनकी स्क्रीनिंग में जुट जाते हैं। चिह्नित युवाओं से वॉट्सऐप, टेलिग्राम, इंस्टाग्राम, फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर, उन्हें सुनहरे सपने दिखाकर नौकरी के नाम पर थाईलैंड, म्यानमार और आसपास के देशों में बुलाया जाता है। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में आगमन पर पीड़तों के पासपोर्ट और दस्तावेज जप्त कर लिए जाते हैं तथा सभी संचार के साधन समाप्त या अवरुद्ध कर दिए जाते हैं। हिंसा की धमकी देकर उन्हें नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाने के लिए मजबूर किया जाता है ताकि लोगों को फर्जी क्रिप्टोकरेंसी एप या धोखाधड़ी वाली निवेश योजनाओं में निवेश, डिजिटल अरेस्ट या हनीट्रेप जैसे विभिन्न माध्यमों से ठगा जा सके। टारगेट पूरा न करने या भागने की कोशिश करने पर शॉक ट्रीटमेंट जैसी कठोर यातनाएं दी जाती हैं और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी जाती हैं।

सावधानियाँ-

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या अन्य असत्यापित स्त्रोतों के माध्यम से पेश किए गए विदेश में नौकरी के प्रस्तावों को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

संबंधित भारतीय दूतावासों से परामर्श किए बिना नौकरी हेतु विदेश जाने की जल्दबाजी न करें।

नौकरी हेतु जाने से पहले उस देश में स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से विदेशी नियोक्ताओं के क्रेडेंशियल की जाँच सत्यापन करें।

विदेश में किसी भी नौकरी की पेशकश को स्वीकार करने से पहले भर्ती एजेंट्स के साथ-साथ कंपनियों के पिछले रिकॉर्ड की भी जाँच की जानी चाहिए।

Cyber Slavery के सहयोगी एजेंट्स या पीड़ित व्यक्तियों की जानकारी मिलती है तो उसकी जानकारी/शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या साइबर सेल या NCRP पोर्टल या cyber Help Line (Toll Free) नम्बर 1930 पर तत्काल करें ।

टीकमगढ़ पुलिस द्वारा जनहित में जारी

## फ्लाई ऐश का ग्रामीणों ने किया विरोध तो कंपनी के कर्मचारियों ने उल्टा चोर कोतवाल को डांटे बाली कहावत पर किया काम शुरू

**टीकमगढ़।**

मोहनगढ़ तहसील के ग्राम सेमरखेरा और ग्राम चंदोखा में बजाज पावर प्लांट की जहरीली राखड़ डाली जा रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है, ग्रामीणों ने 4 बार कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत दर्ज कराई है, जिसमे सेमरखेरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि जिस खदान में राखड़ का भराव किया जा रहा है, उस खदान में पूरे साल मवेशियों के लिए पीने योग्य पानी रहता है, और साथ ही आसपास के करीब 30-40 किसानों की फसलों की सिंचाई होती है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया था और प्रशासन को चेतावनी दी थी कि अगर काम को तत्काल प्रभाव से नही रोका गया तो किसान उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे ! जिससे बौखलाकर कंपनी के कर्मचारियों ने इधर-उधर से लोगो को जोड़कर एसडीएम कार्यालय जतारा जाकर एक ज्ञापन सौपा है और कार्य को जारी रखने की मांग की है ! जबकि ग्रामीणों के आरोप लगाते हुए बताया कि बजाज पावर प्लांट की इतनी ओवरलोड गाड़िया आ रही है कि वह बहुत ऊंचे-ऊंचे पेड़ो मे टकरा रही है, जिसकी कटाई भी कंपनी के लोगो ने की है! साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सड़क पर जंहा से यह बजाज की ओवरलोड गाड़िया निकल रही है वह रोड इन गाड़ियों के निकलने से छतिग्रस्त हो गई है, वही ग्रामीणों की निजी भूमि से रास्ता बनाकर यह गाड़िया निकाली जा रही है, जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे है ! लेकिन कंपनी के लोगो के द्वारा दबंगई की जा रही है, ग्रामीणों को धमकाया जा रहा है !



### दूसरे गांव से लोग ले जाकर दिलाया ज्ञापन !

आज बजाज पावर प्लांट जनरेशन ललितपुर में राखड़ का कार्य कर रही कंपनी के कर्मचारियों द्वारा दूसरे गांव के ग्रामीणों को ले जाकर एसडीएम को कार्य को जारी रखने के लिए एवम असमाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने संबंधी ज्ञापन सौपा है, जिसमे सेमरखेरा गांव के पीड़ित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जो ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे उनमें वंहा के निवासी ही नही है, आधे से ज्यादा लोग उत्तरप्रदेश और कही दूसरे अन्य गांवों के लोग मौजूद थे।

**खास** — म.प्र.विधानसभा चुनाव संकल्प पत्र

## हर वर्ष मनाया जाता है श्रमिक दिवस समस्या जस की तसः मनोज

**शहडोल**

01 मई मजदूर दिवस 10 लाख आउटसोर्स कर्मी सुविधा पाने में फिसड्डीअन्य राज्यों में मिल रही सुविधाएँ म.प्र. में लागू हों- भार्गवम.प्र. के सभी विभागों एवं उपक्रमों का वर्कलोड प्रदेश के दस लाखआउटसोर्स कर्मियों पर है, पर यह श्रमिक केन्द्र सरकार व अन्य राज्यों कीतुलना में लगभग आधा न्यूनतम वेतन व सुविधाएँ पाकर फिसड्डी हैं, इसलिए म.प्र. सरकार केन्द्र व कई राज्यों में आउटसोर्स श्रमिकों का दी जा रहीन्यूनतम वेतन व अन्य सुविधाएं म.प्र. में भी तत्काल लागू करें एवं पदों की संख्याभी बढ़ाई जाए, क्योंकि अधिकांश आउटसोर्स कर्मी अवकाश पाने सेवंचित हो रहे हैं। यह मांग मजदूर दिवस के अवसर पर ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स सयुंक्तसंघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया नेम.प्र. के मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री से की है।श्री भार्गव ने कहा कि जिस प्रकार तमिलनाडु सरकार ने सरकारी विभागों की भर्तीमें आउटसोर्सिंग को चरणबद्ध खत्म कर मुख्य कार्यों में सीधी भर्ती का निर्णय लियाहै, यही निर्णय म.प्र. सरकार भी लेकर म.प्र.विधानसभा चुनाव संकल्प पत्र पृष्ठ-81 पर अमल कर प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों कोसंविदा का दर्जा व सुविधाएं प्रदान करे, क्योंकि आपातकालीन एवं जोखिमपूर्ण चिकित्सा वऊर्जा जैसे क्षेत्रों में आउटसोर्स पर दीर्घकालिक निर्भरता ठीक नहीं है। श्री भार्गव का कहना है कि कुकुरमुत्तों की तरह छाये सैकड़ों मानव बल ठेकेदारों, बिचोलियों को हटाकर आउटसोर्स की भर्ती व प्रबंधन हेतु प्लेसमेंट एजेन्सी केरूप में जिस प्रकार हरियाणा ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया, उ.प्र. व आंध्रप्रदेश ने आउटसोर्स सेवा निगम बनाया है, उसी तर्ज पर म.प्र. सरकार सैकड़ों मानव बल ठेकेदारों की जगह म.प्र. आउटसोर्ससेवा निगम का गठन करें, इससे म.प्र. के सभी विभागों व उपक्रमों मेंबार-बार टेण्डरिंग प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी एवं समय व धन की बचत होगी व इनआउटसोर्स श्रमिकों का शोषण रूकेगा तथा चयन प्रक्रिया में व आउटसोर्स ढांचे मेंसुधार होगा।उड़ीसा व हरियाणा सरकार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां अनुभव आधारितपारिश्रमिक दिया जाता है, उड़ीसा में कार्यरत् आउटसोर्स कर्मी को प्रत्येकपॉच वर्ष के अनुभव के लिए प्रतिमाह एक हजार रू. अतिरिक्त पारिश्रमिक दिया जाता है, इसे म.प्र. सरकार भी लागू करे।श्री भार्गव ने इस बात पर पीड़ा व्यक्त की कि म.प्र. में 50 से लेकर 55 वर्ष की आयु में आउटसोर्स कर्मी को बूढ़ा बताकरसेवा से बाहर निकाला जा रहा है, जबकि पश्चिम बंगाल में आउटसोर्स-संविदा की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष व हरियाणा में 58 वर्ष है। इन राज्यों की तरह म.प्र. में आउटसोर्स सेवा निवृत्ति आयु 60 वर्ष की जाए। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में आउटसोर्स-संविदा की सेवा के दौरानमृत्यु होने पर उनके परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति देने का प्रावधान है, यह म.प्र. में भी लागू किया जावे।इसी तरह प. बंगाल एवं हरियाणा केआउटसोर्स-संविदा कर्मियों को आकस्मिक व चिकित्सा अवकाश दिए जाने का प्रावधान है, यह म.प्र. भी दिए जावे। यहां तक कि प. बंगाल में आउटसोर्स-संविदा महिलाकर्मियों को प्रतिवर्ष 30 दिवस का अवकाश एवं महिलाओं को 180 दिवस का सवेतन मातृत्व अवकाश एवं उड़ीसा में 120 दिन का मातृत्व अवकाश दियाजाता है, यही व्यवस्था म.प्र. में भी लागू की जाए, क्योंकि यह बुनियादी श्रम मानकों के अनुरूप है।श्री भार्गव ने कहा कि कितने हैरत की बात है कि म.प्र. के असाधारण राजपत्र 24 दिस. 2020 क्र.-494 का प्रकाशन कर म.प्र. सरकार ने आउटसोर्स वदै.वे.भो. श्रमिकों का बोनस 8.33त्न से बढ़ाकर 20त्न कर दिया,पर गजट नोटिफिकेशन जारीहोने के बाद भी मजदूर संहिता 2019 एवं 2020 प्रभावशील नहीं होने का हवाला देकर अभी भीप्रदेश के 10 लाख आउटसोर्स एवं मिल

## संपादकीय

### न्यायपालिका पर हमले

उप-राष्ट्रपति ने संसद को सर्वोच्च बताया है। यानी संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिसका न्यायिक परीक्षण नहीं होना चाहिए। इस तरह जगदीप धनखड़ ने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है। न्यायपालिका पर हमले जारी रखते हुए उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब ये विवादास्पद बात कही है कि भारतीय व्यवस्था में संसद सर्वोच्च है। इस तरह उन्होंने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है। धनखड़ के मुताबिक संसद के ऊपर सिर्फ मतदाता हैं, जो संसद का चुनाव करते हैं। इस तर्क को आगे बढ़ाया जाए, तो उसका अर्थ निकलेगा कि निर्वाचित होने के बाद संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिनमें संविधान संशोधन बिल भी शामिल हैं। यह तर्क सीधे तौर पर संवैधानिक अदालतों के अस्तित्व को चुनौती है। इसलिए कि संवैधानिक अदालतों (सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट) को संविधान ने संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या का अधिकार दिया है। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट को संसद से पारित विधेयकों के परीक्षण का अधिकार भी हासिल है। भारत में न्यायशास्त्र के विकास के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के बुनियादी ढांचे का सिद्धांत विकसित किया है। इस ढांचे से हेरफेर करने वाले कानूनों को रद्द कर देने का अधिकार उसे हासिल है। फिर संविधान के अनुच्छेद 142 में प्रावधान है कि 'न्याय को पूर्णता प्रदान करने के लिए' सुप्रीम कोर्ट आदेश जारी कर सकता है। यह आदेश सारे देश में लागू होगा। जहां तक सर्वोच्चता का सवाल है, तो भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में शक्तियों के अलगाव का सिद्धांत अपनाया गया है। इसके तहत कोई राजकीय संस्था सर्वोच्च नहीं है। हर संस्था को ऐसे अधिकार हैं, जिससे वह अवरोध एवं संतुलन का दायित्व निभा सके। अवरोध एवं संतुलन की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि हर संस्था संवैधानिक दायरे में काम करे। इस तरह अधिनायकवाद की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण बना रहता है। उप-राष्ट्रपति खुद एक बड़े संवैधानिक पद पर हैं, जहां उनसे भी ऐसी भूमिका की अपेक्षा की जाती है। मगर हाल के भाषणों में उन्होंने 'न्याय को पूर्णता प्रदान करने' संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को चुनौती दी है और अब उन्होंने संसद की सर्वोच्चता का एलान किया है। उनके इस नजरिए से राष्ट्रीय जनमत के एक बड़े हिस्से में कौतूहल देखा गया है। ये सवाल उठा है कि आखिर धनखड़ ऐसे दावे क्यों कर रहे हैं?

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के नए तरीके आज आप सोचेंगे। साथ ही उसे समझने में अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

वृष राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। निगेटिव थॉट्स को आज दिमाग में न आने दें। धनलाभ की संभावनाएं बन रही हैं साथ ही खर्चों में भी इजाफा होने वाला है।

मिथुन राशि- आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जरूरी काम आज समय से पूरा हो जाएगा। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने में संकोच न करें। सबकी दुवाओं का असर सुखद परिणाम लेकर आएगा।

कर्क राशि- आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। इस राशि के नवविवाहित अधिक से अधिक समय जीवनसाथी को दें।

सिंह राशि- आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। आपको इन सब चीजों से खुद को दूर रखना होगा।

कन्या राशि- आज का दिन का अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बड़ा फैसला आपको करना पड़ेगा। आज अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाये रखें। आज लोग आपकी समझ और व्यवहार से काफी प्रभावित होंगे।

तुला राशि- आज का दिन आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला है। आज आपको नए अनुभव की प्राप्ति होगी। अभी तक आपने जीवन के हर संभव क्षेत्र में जो भी करने की सोच रहे हैं।

वृश्चिक राशि- आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है, जिसके पूरा होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

धनु राशि- आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। परिस्थितियां आज कुछ इस तरह से पुरानी चीजों को आपके सामने लाकर खड़ा कर देंगी, जिससे आप थोड़ी उलझन में रहेंगे। ऐसी स्थितियों में घर के बड़े बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

मकर राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। ऑफिस के किसी जरूरी काम को करने में सीनियर आपकी मदद करेंगे, जिससे काम आसानी से पूरा हो जाएगा।

कुंभ राशि- आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। कारोबार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज आप जो भी करें, सकारात्मक सोच के साथ करें तो सफलता मिलेगी।

मीन राशि- आज किस्मत का साथ मिलेगा। छोटे-मोटे धन लाभ मिलते रहेंगे, साथ ही घरेलू खर्चों में बढ़ोतरी भी होगी। इस राशि के जो लोग टीचर हैं उनका दिन अच्छा रहने वाला है। आज उनको जीवनसाथी से अच्छा सरप्राइज मिलेगा।

## सीरिया से बदतर हो जाएंगे पाकिस्तान के हालात

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। इस घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी ही चाहिए, फिर चाहे वो देश के अंदर मौजूद हों या फिर सीमापार। इससे किसी भी शांतिप्रिय व्यक्ति या देश को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए। बल्कि ऐसे आतंकियों को सजा दिलाने में सभी को साथ आना चाहिए, ताकि दुनियां में यह संदेश जा सके कि निर्दोष और निहत्थों पर जुल्म और ज्यादती करने और बेरहमी से जान लेनें वालों की इस दुनियां में न तो कोई जगह है और न ही किसी को उनकी जरुरत है। पर अफसोस कि आतंकवाद को पालने और दरिंदों की फौज तैयार कर पड़ोसियों को ज्यादा से ज्यादा परेशान करने की जो रणनीति पर चल रहा हो, वह शांति और भाईचारे की बात को कैसे समझ सकता है। ठीक वैसे ही जैसे कि जो इमारत नफरत की नींव पर खड़ी की गई हो उसमें सुख-समृद्धि और भाईचारा कैसे निवास कर सकता है। बगावत और हमेशा कत्लेआम की भाषा बोलने वाले प्रगति के पथ पर सरपट दौड़ ही नहीं सकते। इसके चलते बहुतायत में अशिक्षा, बेरोजगारी और गरीबी पनपती है और फिर शुरु होता है अपनों और परायों का फर्क किए बगैर छल-कपट और फरेब के साथ ही खून-खराबे का वो दौर जो इस समय पाकिस्तान में देखने को मिल रहा है। वैसे देखा जाए तो विभाजन के बाद से पाकिस्तान कभी सुकून से बैठा ही नहीं। राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद को पालने का परिणाम बांग्लादेश के तौर पर पाकिस्तान के दो टुकड़े हो जाना हमेशा। उसके दिल में इसकी टीस सदा ही उभरती होगी, इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बावजूद इसके सही रास्ते पर आने की जगह पाकिस्तान अपने ढर्रे पर कायम रहा, नतीजा पीओके और बलूचिस्तान के साथ ही अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में बगावत के सुर और बड़ी तादाद में हिंसा का होना है। अब यदि वह कुछ और करने की सोचता भी है तो बिना कुछ किए एक और प्रांत अलग देश बनाने को तैयार बैठा है। पाकिस्तान की संसद में इसको लेकर बात भी हो चुकी है, जिसे एक सांसद ने यह कहते हुए बतला दिया था कि इस अशांत प्रांत के 12 जिलों में विद्रोही गुटों की आजाद सरकारें चल रही हैं। मतलब साफ है कि जहां आवामी सरकार के पैररल किसी संगठन की अपनी सरकार चल रही हो, वहां के हालात कैसे हो सकते हैं। इस समय पाकिस्तान के कुछ मंत्री समेत नेता भी भारत को गीदड़भभकी देने का काम कर रहे हैं। परमाणु संपन्न होने का वो दम भर रहे हैं और बता रहे हैं कि ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। बात यह है कि यदि वाकई युद्ध होता है तो फिर पाकिस्तान के अंदर मौजूद विद्रोही गुट क्योंकर खामोश बैठेगा। वह भी मौका देख अपने मकसद को पूरा करने के लिए पाकिस्तानी सरकार और सेना के खिलाफ हथियार उठाने से पीछे नहीं हटेगा। स्थिति सीरिया से भी बदतर हो जाएगी और एक और जख्म देश टूटने का पाकिस्तान को सहना पड़ जाएगा। ऐसा नहीं है कि देश के हालात से पाकिस्तान की मौजूदा शहबाज सरकार नाबाकिफ है, लेकिन इससे निकला कैसे जाए यह उसे सूझ ही नहीं रहा है। गौर करने वाली बात है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जो खुद इस समय जेल में हैं कह रहे हैं कि पहलगाम घटना में लोगों की जान जाना बेहद परेशान करने वाला और दुखद है।

# मजदूरों के हितों को सुरक्षित करना होगा तभी मजदूर दिवस की सार्थकता होगी?

**- नरेन्द्र भारती**



बेशक देश में प्रतिवर्ष की तरह 1 मई को मजदूर 2025 दिवस मनाया जा रहा है। केवल मात्र एक दिन बड़े-बड़े सैमिनार,गोष्ठियां की जाती है मजदूरों के हितों को सुरक्षित करने के लिए बड़े दावे किये जातें है मगर 364 दिन मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोचता कि मजदूरों के साथ कैसे-कैसे हादसे होते रहते है।प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे है। देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें यह एक यक्ष प्रशन है। हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के नाम पर सैकडों योजनाए चलाई जाती है मगर उन्हे उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं।प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहें हैं।हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है।कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं।हादसों की बजह से बच्चे अनाथ हो रहे है।मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे है।हादसों को देखकर रौगंटे खड़े हो जाते हैं देश के राज्यों में चल रहे ईटों के भठ्ठों में मजदूर मारे जा रहे हैं।मजदूरों के पसीने से ही ईटें पकती हैं मगर भठ्ठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते है।मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है।मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपया कमा रहे है।आकडों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके है।हादसों नं सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। फ़रवरी 2024 को बद्दी की परफ्यूम फैक्ट्री में घटित हुआ जहाँ 35 लोग झूलस गए और एक महिला की मौत हो गई चार लोगों को पीजआई में भर्ती किया है द्य अभी भी 20 लोग लापता हैं सर्च ऑपरेशन जारी है फैक्ट्री के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है आगजनी के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे 30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचा ली इनमे तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई मलिक पर् लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है इससे पहले भी बद्दी में काफ़ी अग्निकांड हो चुके हैं लेकिन सबक नहीं सीख रहे हैं सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए द्य2019 में राजघानी दिल्ली में रानी झांसी रोड़ पर स्थित अनाज मंडी में रविवार सुबह चार बजे आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा कई लोग घायल हो गए थे ।एडीआरएफ की टीम ने केवल 56 लोगों की जान बचा ली थी ।यह भीषण आग सुबह साढे चार बजे के करीब लगी थी ।आग लगने का कारण शार्टसर्किट था । भारतीय दंड सहिंता की धारा 304 के अंर्तगत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है ।यह मजदूर बिहार के समस्तीपुर के एक ही गांव के है ।पलक झपकते ही अनाज मंडी शमशानघाट बन गई थी ।लाशों के ढेर लग गए थे ।चीखो पुकार मच गई थी ।मजदूर खाक ह गए थे । कैसी विडंबना है कि कभी सुरगों व उद्योगों में बेमौत मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है ।2025 के 4 महिनों में उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए है। देश में मजदूरों के साथ होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं ।कारखानों में जल कर मजदूर मर रहे हैं ।गत वर्ष भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारें गए थे जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखें की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगनें के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे। मरने वालों में 10 महिलाएं तथा 7 पुरुष थी ।मजदूरों ने सपने में भी नही सोचा होगा कि यह पटाखा गोदाम शमशान बन जाएगा ।

## शराब से प्राप्त राजस्व के भरोसे एमपी में जनकल्याण

**नरेंद्र तिवारी, सेंधवा**



दुनियाँ के ज्ञानियों ने एक स्वर मे कहा है, पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये साधनों की पवित्रता का होना भी जरुरी है, जब एक राष्ट्र के किसी ह्रदय प्रदेश मे जनता के कल्याण की बात हो तो साधनों की पवित्रता का होना बेहद अत्यंत जरुरी हो जाता है। यहां हम मध्यप्रदेश की बात कर रहे है। जहां प्रदेश के मुखिया ने वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति मे बदलाव करते हुए प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों मे शराबबंदी का जनकल्याण कारी निर्णय लिया है। उनका यह कदम स्वागत योग्य है। हालांकि इस निर्णय से उज्जैन स्थित कालभैरव मंदिर भी प्रभावित हुआ जहां के बारे मे यह मान्यता है की कालभैरव को शराब प्रसाद के रूप मे चढ़ाई जाती है, शराब चढ़ाने की यह परम्परा अति प्राचीन है,जो उज्जैन के कालभैरव मंदिर मे बरसों से प्रचलित थी, इस हेतु प्रशासन द्वारा मंदिर प्रांगण मे शराब काउंटर स्थापित कर रखे थै,जो एमपी की नविन शराब नीति के तहत हटा लिये गए है। मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 19 धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी के निर्णय के दौरान कहा था की जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए, धार्मिक स्थानों की पवित्र गरिमा को बनाए रखने के लिये, शराबबंदी का निर्णय लिया गया है। सवाल यह उठता है की जनभावना का ख्याल महज 19 धार्मिक क्षेत्रों के लिये ही क्यों रखा गया..? यह नेक और जनहितकारी निर्णय सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिये क्यों नहीं लिया गया..? जबकि एमपी मे भाजपा सरकार के राज मे धर्म, कर्म और आस्था की ध्वजा चारो दिशाओं मे फहरा रही है। हर शहर, हर गाँव के नागरिक चाहते है की प्रदेश मे अधूरी नहीं पूर्ण शराबबंदी हो। इस सच्चाई से मुंह नहीं मोडा जा सकता है की शराब के अत्यधिक सेवन से नागरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, शराब पीना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। अनेक विवादों मे शराब ने नकारात्मक भूमिका निभाई है, शराब समाज मे अशांति और विवादों का कारण मानी जाती रही है। अधिकांश सडक दुर्घटनाओं मे शराब पीना एक महत्वपूर्ण कारण माना गया है। यह तथ्य प्रमाणित और सच है की शराब से समाज को नुकसान पहुँचता है, नागरिक समाज मे अशांति फैलती है, शराब समाज के विकास मे बहुत बड़ी रूकावट है। किंतु मध्यप्रदेश सरकार गुजरात और बिहार की तर्ज पर पूर्ण शराबबंदी लागू कर पाने का साहस नहीं दिखा पा रही है, जिसका महत्वपूर्ण कारण शराब के ठेकों से प्रदेश को प्राप्त होने वाला राजस्व है। जो सरकार की महत्वपूर्ण जरूरत बन गया है, जिसके मोह मे फंसकर सरकार शराब के ठेकों से प्राप्त राजस्व से जनकल्याण कर विकास और जनहित का ढिढोरा पिट रही है। मध्यप्रदेश के राजस्व मे शराब ठेकों से प्राप्त राजस्व का बड़ा योगदान है। शराब बिक्री राज्य के खजाने मे 15त्न का योगदान देती है, जो इसे गैर कर आय के सबसे बड़े स्त्रोत मे से एक बनाती है। सरकार को वर्ष 2023 मे शराब ठेकों से 13590 करोड़, वर्ष 2024-25 मे 16000 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, वर्ष 2025-26 मे आबकारी विभाग का लक्ष्य 16500 करोड़ रु है, याने शराब के ठेकों से प्राप्त राजस्व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्त पोषण मे महत्व पूर्व भूमिका निभाता है। 19 धार्मिक महत्व के स्थानों मे शराबबंदी से राजस्व मे हुए घाटे को रोकने के लिये सरकार ने शराब की कीमतों मे वृद्धि का निर्णय लिया है। 1अप्रेल 2025 से एमपी मे लागू नवीन शराब नीति से महंगे हुए शराब ठेकों के बाद प्रदेशभर मे अवैध शराब के पकड़ाने, कीमतों मे हुई वृद्धि के परिणाम स्वरूप ग्राहक और दूकानदार के मध्य विवादों की खबरों से अख़बार भरे पड़े है। प्रदेश मे अवैध शराब के पकड़ाने शराब दुकानों पर क़ीमत बढ़ने से हो रहे विवाद प्रतिदिन कहीं न कहीं सुनाई पड़ रहे है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अलीराजपुर मे कांग्रेस नेता महेश पटेल ने प्रदेश मे पूर्ण शराब बंदी की वकालत करते हुए सरकार पर आरोप लगाया की आबकारी विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से ग्रामीण रास्तों से शराब गुजरात पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा की एक ओर सरकार शराबबंदी के प्रयास कर रही है, दूसरी ओर ठेकेदार ओर विभाग की मिली भगत से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इसी प्रकार का आरोप आदिवासी कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष, विधायक विक्रांत भूरिया ने भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मे आयोजित पत्रकार वार्ता मे प्रदेश सरकार पर यह आरोप लगाया की आदिवासी क्षेत्रों को शराब का गढ़ बना दिया है, पुरे प्रदेश को शराब के नशे मे डूबाकर हमारी पीड़ियों को बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने धार कलेक्टर के उस पत्र का भी जिक्र किया जिसमे नकली होलोग्राम से शराब का कारोबार होने, पकड़ाए जाने पर वाहन के चालक पर कार्यवाही किये जाने और शराब के मालिक पर कोई एक्शन नहीं लिये जाने की बात कही। यह तथ्य भी जगजाहिर है, एमपी मे जिन 19 स्थानों पर शराब प्रतिबंधित की गयी है वहां शराब का अवैध कारोबार फलने-फूलने लगा है।

## मजदूरों का भारत शोषण के साए में खड़ा विकास

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

जिन हाथों ने इस देश की इमारतें खड़ी कीं, उन्हीं हाथों को आज रोटी, छत और पहचान के लिए जूझना पड़ रहा है। दिहाड़ीदार मजदूर केवल श्रम नहीं देते, वे इस देश की नींव हैं — लेकिन सबसे उपेक्षित भी। विकास की रफ्तार में उनका पसीना झलकता है, पर उनकी आवाज़ नहीं सुनाई देती। क्या यही है नए भारत का सपना — जहाँ श्रमिक अनदेखे, अनसुने और असुरक्षित रहें?

बदलते दौर में जब तकनीक, पूंजी और ग्लैमर की दुनिया भारत को चमकाता दिखता है, तब देश का एक बड़ा तबका ऐसा है जो उस चमक की नींव बनाता है लेकिन खुद अंधेरे में घुटता रहता है। यही तबका है — दिहाड़ीदार मजदूर। जिनकी बदौलत गगनचुंबी इमारतें खड़ी होती हैं, सड़कों पर रफ्तार दौड़ती है, और शहर सांस लेता है। परन्तु विडंबना यह है कि इन मजदूरों के जीवन में न तो स्थिरता है, न सुरक्षा, न पहचान और न ही संवेदनशीलता।

दिहाड़ीदार मजदूरों की दुर्दशा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक उपेक्षा और संस्थागत असफलताओं की भी उपज है। कोविड-19 महामारी हो या हालिया शहरी आपदाएँ, सबसे पहला और सबसे गहरा आघात इसी वर्ग को झेलना पड़ा। रोज कमाने-खाने वाले इन श्रमिकों के लिए लॉकडाउन और आर्थिक मंदी जीवन-मरण का प्रश्न बन गई। सरकारी घोषणाओं में इनके नाम भले दर्ज हों, पर न आंकड़ों में इनका कोई भरोसेमंद रिकॉर्ड है, न योजनाओं के क्रियान्वयन में इनकी प्राथमिकता। भारत का श्रमबल लगभग 500 मिलियन है, जिसमें से 90 प्रतिशत से अधिक श्रमिक अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। शहरी भारत की लगभग 72 प्रतिशत कार्यशक्ति दिहाड़ी श्रमिकों के रूप में काम कर रही है। यह बैकएंड इंडिया, जिसे कोई नहीं देखता, फ्रंटएंड इंडिया की रफ्तार बनाए रखने के लिए दिन-रात खटता है। यह वर्ग न केवल भारत की, बल्कि सिंगापुर, दुबई और खाड़ी देशों की आधुनिकता की नींव भी है। लेकिन विडंबना है कि इन्हें कोई पहचान पत्र नहीं, कोई बीमा नहीं, कोई स्थायित्व नहीं — केवल मेहनत और उपेक्षा मिली है। भारत में मजदूरों की लड़ाई कोई नई नहीं है। ब्रिटिश काल में बॉम्बे मिल मजदूर आंदोलन (गिरनी कामगार आंदोलन) से लेकर 1920 में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (ह्वद्बञ्जह्रष्ट) की स्थापना तक, मेहनतकशों ने संगठित होकर अपने हक की आवाज़ बुलंद की। 1 मई को 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाने की परंपरा भले शिकागो आंदोलन से शुरू हुई हो, लेकिन भारत के श्रमिकों ने भी समय-समय पर सत्ता को झकझोरने वाला संघर्ष किया है। परंतु दुखद यह है कि 21वीं सदी में भी उनके मुद्दे वैसे ही हैं — न्यूनतम वेतन, सुरक्षा, और गरिमा।

फैक्ट्रियाँ, होटल, रेस्टोरेंट, कंस्ट्रक्शन साइट्स, डिलीवरी सेवाएँ — सब इन पर निर्भर हैं। ओला-उबर ड्राइवर से लेकर राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय और प्लंबर तक — ये ही हैं जो शहरों को गतिशील बनाए रखते हैं। लेकिन जब सवाल उनके अधिकारों का आता है तो तंत्र मौन हो जाता है। इनके लिए न पर्याप्त जल-स्नान की व्यवस्था है, न सुरक्षित आवास, न शुद्ध पेयजल, न स्वास्थ्य सेवाएँ। हाथ धोने की सलाह दी जाती है, पर इनके लिए हैंडपंप भी अविश्वसनीय होते हैं। बीमार हों तो अस्पताल की कतार में कोई नाम नहीं, बैंक हो तो खाता नहीं, और श्रम हो तो मान्यता नहीं। संक्रमण, अस्वास्थ्यकर माहौल और मानसिक शोषण की तीनहरी मार इन पर हर रोज़ पड़ती है। इन मेहनतकशों में बड़ी संख्या महिला श्रमिकों की है — निर्माण स्थलों पर ईंट ढोती, घरों में बर्तन माँजती, खेतों में पसीना बहाती, और फिर घर लौटकर चूल्हा-चौका भी संभालतीं। इनके पास न मातृत्व अवकाश है, न यौन उत्पीड़न से सुरक्षा, न ही समान वेतन की गारंटी। सबसे दुखद यह है कि महिला मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अक्सर 'अदृश्य' मान लिया जाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब शहरों में लॉकडाउन लगा, तब सड़कों पर नंगे पांव, भूखे-प्यासे हजारों किलोमीटर पैदल लौटते प्रवासी मजदूरों की तस्वीरें पूरे देश को झकझोर गईं। जिन हाथों ने शहर बनाए, वे ही सबसे बेगाने हो गए।

## स्क्रीन की क़ैद में इंसानः हम सब लॉगआउट कब होंगे?

**- सोनम लववंशी**



सोचिए, सुबह की पहली किरण नहीं, बल्कि मोबाइल की स्क्रीन आपकी नींद खोलती है। दिन भर की चहल-पहल नहीं, बल्कि नोटिफिकेशन की गूंज आपके दिल की धड़कनों को दिशा देती है। अब तो रिश्तों की ऊष्मा भी स्क्रीन की रोशनी में घुलती जा रही है। हम इंसान, जो कभी संवाद में जिया करते थे, अब सिग्नल में सांस लेते हैं। हाल ही में ज़ी-5 पर रिलीज़ हुई फिल्म लॉगआउट ने न सिर्फ इस भयानक आदत की ओर इशारा किया है, बल्कि सीधे-सीधे गाल पर एक करारा तमाचा जड़ा है, जो अब तक स्मार्टफोन को अपना सबसे अच्छा दोस्त मान बैठे थे। फिल्म खत्म होने के बाद सिनेमा हॉल में चुप बैठे रहे शायद वे अपने ही अंदर किसी खामोश चीख को सुन रहे थे। वर्तमान समय में एक औसत भारतीय दिन के 7 घंटे से अधिक मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। अगर इसमें लैपटॉप, टीवी और अन्य डिजिटल उपकरण जोड़ दें, तो आंकड़ा 10 घंटे के पार जा पहुंचता है। यानी एक व्यक्ति अपनी ज़िंदगी का लगभग आधा हिस्सा वर्चुअल दुनिया में गवां देता है। ये वही समय है, जब वह अपने बच्चे को कहानी सुना सकता था, माँ का हालचाल पूछ सकता था या खुद से कोई पुरानी किताब निकालकर मन के कोनों को साफ कर सकता था।

मोबाइल की लत को हम 'स्मार्ट' होने का प्रतीक मान बैठे हैं। अजीब विडंबना है, जिस यंत्र ने हमें पूरी दुनिया की जानकारी देने का वादा किया था उसने हमें अपनों से ही बेखबर कर दिया है। अब खाना खाते समय रोटी से ज़्यादा रील जरूरी हो गई है। बच्चों की पहली चाल की तस्वीर भी अब कैमरे के लिए होती है, यादों के लिए नहीं। अध्ययन बताते हैं कि स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से ना सिर्फ नींद कम होती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ता है। डिजिटल डिप्रेशन, सोशल मीडिया एंग्जायटी, और फोमो आज फीयर ऑफ मिसिंग आउट जैसे नए विकारों ने शहरी युवाओं के मन-मस्तिष्क पर हमला बोल दिया है। इंसान अब अकेले नहीं रह सकता, क्योंकि उसे हमेशा 'ऑनलाइन' रहना है। एक क्लिक से दुनिया बदलने की शक्ति रखने वाला आज खुद एक क्लिक का गुलाम बन चुका है।

यहाँ यह भी समझना दिलचस्प होगा कि सोशल मीडिया कंपनियां जानबूझकर इन प्लेटफॉर्म्स को डोपामिन ट्रिगर के अनुसार डिजाइन करती हैं। आपको एक नोटिफिकेशन मिलेगा, दिमाग खुश होगा, और आप फिर बार-बार उसी प्रतिक्रिया की तलाश में वहां लौटेंगे। यह कोई संयोग नहीं है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक जैसी कंपनियां आपको 'स्क्रॉलिंग के नशे' में बांधने के लिए मनोवैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल करती हैं। मगर दोष सिर्फ तकनीक का नहीं, हम खुद भी तैयार बैठे हैं अपने समय, ध्यान और जीवन को दांव पर लगाने के लिए। डिजिटल डिटॉक्स की बात करने वाले लोग भी एक तस्वीर अपलोड करने के बाद 50 बार चेक करते हैं कि कितने लाइक आए। आत्ममुग्धता और दिखावे की इस दौड़ में हम न सिर्फ खुद को खो चुके हैं, बल्कि अगली पीढ़ी को भी डिजिटल नशा की लत लगा चुके हैं। 'लॉगआउट' जैसी फिल्में हमें सिर्फ एक कहानी नहीं दिखातीं, वे हमें आईना दिखाती हैं, वो आईना जिसमें हमारा चेहरा नहीं, बल्कि एक झुकी हुई गर्दन, थकी आंखें, और हमेशा व्यस्त रहने का भ्रम दिखाई देता है।

ऐसे में अब समय है सवाल पूछने का, वह भी अपने आपसे कि क्या हम अब भी सोचेंगे कि स्क्रीन टाइम एक निजी पसंद है, या इसे एक सामाजिक खतरे के रूप में देखेंगे? क्या हम अब भी मोबाइल को बच्चे का खिलौना समझकर उसकी जड़ों में स्क्रीन का ज़हर घोलते रहेंगे? क्या हम 'कनेक्टेड' रहकर भी खुद से 'डिसकनेक्टेड' ही बने रहेंगे? समय की मांग है कि हम लॉगआउट की पुकार को सिर्फ एक फिल्म का संदेश न समझें, बल्कि इसे जीवन में बदलाव लाने का एक अवसर मानें। क्योंकि अगर अब भी हम नहीं जागे, तो वो दिन दूर नहीं जब इंसान की पहचान सिर्फ एक यूजरनेम तक सीमित रह जाएगी और तब हम सभी को पूछना पड़ेगा क्या हमने तकनीक को अपनाया था, या तकनीक ने हमें निगल लिया? इसीलिए शायद यही सही समय है... लॉगआउट करने का।

## खबर संक्षेप

### नदन्ना पुल के पास मिली युवती की सिर कटी लाश

**ऊधम सिंह नगर ।** नदन्ना पुल के अंडर पास में एक युवती की सिर से कटी लाश मिली है। युवती छह दिनों से लापता थी। मृतका की छोटी बहन ने गुरुग्राम में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। हरियाणा से पहुंची पुलिस ने शव बरामद किया और शव की शिनाख्त मृतका के बड़े भाई ने की। खटीमा में नदन्ना पुल के अंडर पास में एक युवती की सिर से कटी लाश मिली है। युवती छह दिनों से लापता थी। मृतका की छोटी बहन ने गुरुग्राम में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। हरियाणा से पहुंची पुलिस ने शव बरामद किया और शव की शिनाख्त मृतका के बड़े भाई ने की। जानकारी के अनुसार मृतका एक युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी।

### बेटा निकला चिट्टे का आदी, पिता हुए बेसुध

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला मुख्यालय में शहर के बड़े कारोबारियों और नौकरीशुदा लोगों के बच्चे चिट्टे के आदी पाए गए हैं। सिंथेटिक ड्रग चिट्टा कैसे परिवारों को तोड़कर बच्चों को अभिभावकों से दूर कर रहा है, इसका अंदाजा लगाना सहज नहीं है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला मुख्यालय में शहर के बड़े कारोबारियों और नौकरीशुदा लोगों के बच्चे चिट्टे के आदी पाए गए हैं। अभिभावकों को इसकी खबर तक नहीं थी। अभिभावकों को तब मालूम हुआ, जब सदर थाना हमीरपुर में सिंथेटिक नशा करने वाले युवाओं को तलब कर इनकी टेस्टिंग की गई। टेस्टिंग के दौरान जब एक कारोबारी के बेटे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई तो वह पहले तो बेसुध से हो गए और जब थोड़ा सा संभले तो हंसने लग गए। मौके पर मौजूद पुलिस अफसरों और कर्मचारियों ने जब उन्हें संभाला तो वह सिर पकड़ कर बैठ गए। आंखों में आंसू और रूंदे गले से बोले-समय रहते बच्चे का पता चल गया। अगर आज भी पता न चलता तो हम क्या करते। यह महज एक अभिभावक की कहानी नहीं है। जिले के विभिन्न थानों में नशे की दलदल में फंसे 30 से अधिक युवाओं की टेस्टिंग की जा चुकी है। अधिकतर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

### कोकसर में बिजली न होने से पर्यटकों ने रद्द करवाई बुकिंग

**केलांग/सिस्सू।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के पर्यटन स्थल कोकसर करीब ढाई महीने से बिजली की आपूर्ति ठप है। अटल टनल रोहतांग खुलने के बाद कोकसर में हालांकि पर्यटन कारोबार बढ़ गया है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी अभी भी खल रही है। कोकसर, डिंफुक और रामथांग गांवों के करीब 40 घर ढाई माह से बिना बिजली के हैं। पिछले दिनों अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से कोकसर के बीच सड़क मार्ग खुल जाने से रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। पर्यटकों ने यहां के होम स्टे में रुकने के लिए ऑनलाइन बुकिंग करवा रखी है, लेकिन बिजली गुल होने से पर्यटक बुकिंग रद्द कर रहे हैं।

### नामी जिम ट्रेनर पर युवती ने लगाया शोषण का आरोप

**हरिद्वार।** हरिद्वार के एक नामी जिम ट्रेनर से झगड़े के बाद युवती ने शोषण का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें जिम ट्रेनर युवती को समझाने से लेकर वीडियो बना रहे लोगों से उनके मोबाइल फोन तक छीनता नजर आ रहा है। अब मामले में युवती ने वीडियो वायरल करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के भेल फाउंड्री गेट के पास एक कार में पीछे सीट पर नामी जिम ट्रेनर और युवती बैठे हुए थे। युवती गुस्सा होकर चिल्ला रही थी। इसी बीच एक महिला पुलिसकर्मी वहां पहुंची, जबकि कुछ राहगीर भी रुक गए। युवती को जैसे ही पुलिसकर्मी ने बाहर निकाला तो उसने जोर-जोर से चिल्लाते हुए जिम ट्रेन पर शोषण करने का आरोप लगाया और हंगामा शुरू कर दिया। युवती वीडियो में कहती दिख रही है कि मैडम इसने मेरा यूज किया है।

### पेट्रोल पंप पर डकैती के पांच बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**ऊधमसिंह।** किच्छा और झनकट में पेट्रोल पंप में डकैती डालने के हरियाणा निवासी पांच आरोपियों को पुलिस ने सोमवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार देर रात झनकट स्थित गुरुनानक फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप में दो बाइक से आए छह बदमाशों ने तमंचे के बल पर कर्मचारी से 27 हजार रुपये लूट लिए। इसी अंदाज में शनिवार रात किच्छा स्थित एमए फ्यूल पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से 29,800 रुपये लूट लिए थे।

# ऋषिकेश से 39 बसों से 1400 तीर्थयात्री चारधाम रवाना

## आज खुलेंगे गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट




**ऋषिकेश, एजेंसी।** चारधाम यात्रा की आज से शुरुआत हो गई है। यात्रा में आने से पहले ग्रीन कार्ड और ट्रिप कार्ड बनाना होगा। इन दोनों के बिना कोई भी वाहन यात्रा में नहीं जा सकेंगे। ग्रीन कार्ड बनाने से पहले तीर्थयात्रियों को पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा।

39 बसों से 1400 तीर्थयात्री चारधाम की यात्रा पर रवाना हुए। अधिकांश तीर्थयात्रियों का धर्मशालाओं में ही पंजीकरण कराया गया। आज गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुल रहे हैं। ऋषिकेश से चारधाम यात्रा संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति की 39 बसें चारधाम के लिए रवाना हुए। यह यात्री शहर के अलग-अलग धर्मशालाओं में ठहरे थे।

चारधाम की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों का ट्रांसपोर्टरों की ओर से माल्यार्पण किया गया। धर्मशालाओं में यात्री भोले बाबा के भजनों से क्षेत्र को भक्तिमय बना रहे थे। जो तीर्थयात्री मंगलवार सुबह ऋषिकेश पहुंचे उनका तुरंत पंजीकरण किया गया। उसके बाद वह चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुए। रोटेशन के मीडिया प्रभारी नवीन तिवाड़ी ने बताया कि प्रशासन की ओर से इस बार अच्छी व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों में काफी उत्साह है।

## रेलवे लाइन पर रील बना रहे नाबालिग को खंभे से लगा करंट, अस्पताल में मौत



**रुड़की, एजेंसी।** 15 वर्षीय लड़का साथियों के साथ गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाइन के खंभे के पास खड़ा होकर रील बनाने लगा। इसी दौरान उसका हाथ खंभे से छू गया।

देवबंद रेलवे लाइन पर रील बनाते समय एक नाबालिग का हाथ बिजली के खंभे से छू गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन हायर सेंटर में उपचार दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। झबरेड़ा क्षेत्र में नई रेलवे लाइन का निर्माण हाल में ही हुआ है। कुछ काम अब भी चल रहा है। सोमवार को कोटवाल आलमपुर निवासी 15 वर्षीय लड़का साथियों के साथ गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाइन के खंभे के पास खड़ा होकर रील बनाने लगा। इसी दौरान उसका हाथ खंभे से छू गया। जोर का झटका लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।नाबालिग के साथियों ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। परिजनों ने घायल को रुड़की अस्पताल में भर्ती करवाया था लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। मंगलवार को घायल ने उपचार दौरान उसने हायर सेंटर में दम तोड़ दिया।मंगलवार को मृतक का शव कोटवाल आलमपुर पहुंचा तो गांव में माहौल गमगीन हो गया। पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है।

## औचक निरीक्षण में खामियां मिलने पर अधिकारी का तबादला



**कानपुर, एजेंसी।** यूपीपीसीबी के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह व सचिव संजीव सिंह ने जाजमऊ और बिनगवां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया था। इस दौरान जाजमऊ में नई कन्वेंशन लाइन से टेनरी को नहीं जोड़ने की जानकारी सामने आई थी। कानपुर में प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्र को यहां से हटाकर आगरा भेज दिया गया है। उनके तबादले की वजह नई कन्वेंशन लाइन से टेनरी को जोड़ने में हीलाहवाली बताई जा रही है। अमित को आगरा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय अधिकारी बनाया गया है। उनकी आजमगढ़ के अजीत कुमार सुमन को तैनाती दी गई है। 22 अप्रैल को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह व सचिव संजीव सिंह ने जाजमऊ और बिनगवां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया था।

# कुशीनगर की युवती संग किया था सामूहिक दुष्कर्म

## उखाड़ लिए थे नाखून- पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

**कुशीनगर, एजेंसी।** पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चवर में घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी पुलिस पर फयरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में तीनों आरोपियों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपी करीमन कुमार, अभिषेक कुमार और सोनू कुमार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।


कुबेरस्थान क्षेत्र की युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीनों आरोपियों को बिहार की गोपालगंज पुलिस ने मंगलवार को भोर में मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस कस्टडी में आरोपियों का इलाज गोपालगंज के ही जिला अस्पताल में चल रहा है।

कुचायकोट थाना क्षेत्र के पेटभरिया चवर में छिपे आरोपियों को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम से मुठभेड़ हो गई। सदर एसडीपीओ प्रांजल ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से जानकारी लेने के बाद आरोपियों से भी पूछताछ की। कुशीनगर की युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपियों के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के पेटभरिया चवर में होने की जानकारी मिली।



पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चवर में घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी पुलिस पर फयरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में तीनों आरोपियों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपी करीमन कुमार, अभिषेक कुमार और सोनू कुमार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। मुठभेड़ की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। अस्पताल के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया। एसडीपीओ प्रांजल कुमार ने अस्पताल पहुंचकर आरोपियों का हाल जाना और पूछताछ की। पुलिस के अनुसार सोमवार की रात अपने लकवाग्रस्त पिता का इलाज कराकर घर जाने के लिए सासामुसा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र की एक युवती इंतजार कर रही थी। पिता को प्यास लगने पर वह कैंपस में दुर्गा मंदिर के पास नल पर पानी लाने गई तो तीन युवकों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी किए और हाथ के अंगुलियों का नाखून तक नोंच लिए। घटना की जानकारी होने के बाद लोग आक्रोशित हो गए। एसपी अवधेश दीक्षित सहित एसडीपीओ सदर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़िता से जानकारी इकट्ठा कर न्याय का आश्वासन दिया था।

## जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करने को मजबूर हैं सधारी गांव के लोग



**चम्बा, एजेंसी।** पांगी विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत शूण के सधारी गांव की पुलिया से प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर गुजरते ग्रामीणों की स्थिति गंभीर और चिंताजनक है। यह आरोप भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज ने सरकार पर लागाया। डॉ. जनक राज के मुताबिक सिंधारी नाला पर बनी यह पुलिया पानी के निरंतर बढ़ते स्तर के कारण अब खतरे का प्रतीक बन चुकी है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूंजीगत व्यय के लिए धन की भारी कमी के चलते सबसे अधिक मार ऐसे पिछड़े और भौगोलिक दृष्टि से विषम क्षेत्रों पर पड़ रही है। वर्तमान सरकार की आर्थिक और प्रशासनिक विफलताओं के कारण विकास कार्यों के लिए धन ही नहीं बचा है। स्थानीय विधायक और पांगी की जनता ने सरकार से मांग की है कि सधारी गांव की पुलिया की स्थिति को आपातकालीन दृष्टि से देखे और तुरंत स्थायी समाधान के लिए आवश्यक बजट जारी कर कार्य आरंभ करवाए, ताकि यहां के लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। यह केवल एक पुलिया नहीं, बल्कि सैकड़ों ग्रामीणों की जान और जीवन की बात है।

## बस चालक को हार्ट अटैक आने के बाद यात्रियों में हड़कंप, वाहन खेत में घुसा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** हरिद्वार से यात्रियों को लेकर आ रही रोडवेज बस के चालक को हार्ट अटैक आ गया। इसमें बस अनियंत्रित होकर कन्टोपा और जाफरपुर के बीच सड़क से उतरकर धान के खेत में जा घुसी। हादसे से बस में बैठे सवारियों में हड़कंप मच गया।

रुद्रपुर नेशनल हाईवे पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हरिद्वार से सवारियों को लेकर आ रही रोडवेज बस के चालक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसमें बस अनियंत्रित होकर कन्टोपा और जाफरपुर के बीच सड़क से उतरकर धान के खेत में जा घुसी।

हादसे से बस में बैठे सवारियों में हड़कंप मच गया। बस में मौजूद निजी अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ ने चालक गुरविंदर को थेरेपी और प्राथमिक उपचार दिया। परिचालक महेश चंद्र ने बताया कि बस में 28 सवारियां थी और बस सुबह तीन बजे हरिद्वार से रुद्रपुर के लिए चली थी। बस यूपी 08 पीए 2369 रुद्रपुर डिपो की है। चालक को इलाज के लिए भेजा जा रहा है। सवारियों को चोटें नहीं आई हैं। सवारियों को दूसरी बस से गंतव्य पर भेजा जा रहा है।




# आठ दिन बाद भी नहीं हुई बीएसएफ जवान की रिहाई, पाकिस्तान को सख्त संदेश देने की मांग

**फिरोजपुर, एजेंसी।** पंजाब के फिरोजपुर में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश करने वाले बीएसएफ जवान पीके साहू की आठ दिन बाद भी रिहाई नहीं हो सकी है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ जवान को अपनी हिरासत में ले रखा है। जवान की रिहाई के लिए कई बार फ्लैग मीटिंग कॉल की गई है, मगर पाकिस्तानी रेंजर्स की तरफ से कोई ठोस रिस्पांस नहीं मिला। अलॉइंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह ने पीएम मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा, बीएसएफ जवान की सकुशल रिहाई के लिए पाकिस्तान को विंग कमांडर अभिनंदन जैसा सख्त संदेश देने की जरुरत है।

फरवरी 2019 में, बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान विंग कमांडर अभिनंदन ने बहादुरी दिखाते हुए पाकिस्तान के एफ-16 को मार गिराया था, लेकिन उस वक्त उनका विमान भी क्षतिग्रस्त हो गया था। नतीजा, पाकिस्तान ने अभिनंदन को हिरासत में ले लिया था। तब भारत के सख्त लहजे के चलते 60 घंटे में ही पाकिस्तान ने भारतीय पायलट को वापस लौटा दिया था।



अलॉइंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के मुताबिक, बीएसएफ जवान की सुरक्षित वापसी के लिए पाकिस्तानी हुक्मरानों को सख्त व कड़े लहजे में संदेश भेजा जाए। गलती या अनजाने में बीएसएफ जवान पीके साहू जीरो लाइन पार कर पाकिस्तानी सीमा में चला गया। पाक रेंजर्स द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आठ दिन बाद भी जवान को रिहा नहीं किया गया है। साहू के परिवार का बुरा हाल है। उसकी गर्भवती पत्नी रजनी का हाल बेहाल है। पाकिस्तान, फ्लैग मीटिंग को नहीं मान रहा है। एसोसिएशन के महासचिव ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील करते हुए कहा है कि इस मामले पर उच्चतम स्तर पर मीटिंग आयोजित किए जाने की सख्त जरूरत है। इससे जवान की सकुशल स्वदेश वापसी सम्भव हो सकती है। केंद्र सरकार को बीएसएफ जवान के मामले में भी वैसी ही कार्रवाई करने की जरुरत है, जैसी 2019 में विंग कमांडर अभिनंदन की रिहाई के मामले में की गई थी। तब पीएम मोदी ने पाकिस्तान को सख्त व कड़े लहजे में संदेश दिया था। उसका त्वरित नतीजा देखने को मिला था। महज 60 घंटे में पाकिस्तान ने विंग कमांडर अभिनंदन को सकुशल स्वदेश भेज दिया था।


यह घटना पिछले सप्ताह हुई थी। बीएसएफ जवान पीके साहू 182वीं बटालियन, बॉर्डर के गेट संख्या 208/1 पर तैनात थे। वे फसल कटाई के दौरान भारतीय किसानों पर नजर रख रहे थे। बीएसएफ, किसानों की सुरक्षा भी करती है। लिहाजा तेज गर्मी के मौसम में जवान ने जब पेड़ की छांव में खड़े होने का प्रयास किया तो पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे हिरासत में ले लिया। उनकी सर्विस राइफल भी जब्त कर ली गई। बताया जाता है कि वह कुछ समय पहले ही इस क्षेत्र में तैनात हुआ था। कई बार फ्लैग मीटिंग करने का प्रयास किया गया, मगर पाकिस्तान की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला।

### पहलगाम हमले के बाद बॉर्डर सील, व्यापारिक संबंध भी ठप

# भारत-पाकिस्तान के संबंध खराब हुए तो सब हो गया बंद

## पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना एयरस्पेस भी पूरी तरह से बंद कर दिया

**नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया है। इसके बंद हो जाने से भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित आवाजाही भी बंद हो गई है। इतना ही नहीं पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना एयरस्पेस भी पूरी तरह से बंद कर दिया है और दोनों देशों के बीच होने वाला व्यापार भी ठप हो गया है।**



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच इस कार्रवाई का साफ मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच में भारी तनाव है। अब सवाल यह है कि आजादी से पहले भारत के लोग किन-किन रास्तों से पाकिस्तान जाते थे और उनमें से अब कितने रास्ते बाकी हैं? 1947 में एक मुल्क दो हिस्सों में बंट गया था। अलग होने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी रिश्ते कभी भी इतने अच्छे नहीं रहे, जितने दो पड़ोसियों के बीच होने चाहिए। इसकी वजह रही पाकिस्तान द्वारा भारत में लगातार आतंकी घटनाओं को अंजाम देना और चार बार भारत को युद्ध में झोंकना।

आतंकी हमलों और युद्ध के कारण दोनों देशों में दरार बढ़ती गई और अब भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए होने वाली सीमित आवाजाही भी बंद हो गई। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा उत्तर में जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात और पाकिस्तान में सिंध प्रांत के बीच जीरो प्वाइंट तक फैली हुई है। दोनों देशों के बीच सीमा की कुल लंबाई 3323 किलोमीटर है। भारत के जो राज्य पाकिस्तान के साथ बॉर्डर से मिले हुए हैं, उनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान और पंजाब हैं यानी ये वह राज्य में जहां से आजादी से पहले भारत और पाकिस्तान के बीच सड़क मार्ग या फिर रेल मार्ग से आना जाना होता था। वहीं बॉर्डर के पास रहने वाले लोग पैदल ही पाकिस्तान आते जाते थे। ऐसा नहीं है कि दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने की कोशिश नहीं हुई। इन कोशिशों के तहत दोनों देशों के बीच थार एक्सप्रेस, समझौता एक्सप्रेस और बस सेवा भी शुरू हुई थी, लेकिन रिश्तों में तनाव के कारण ये सेवाएं बंद कर दी गईं। भारत और पाकिस्तान के बीच 1976 में समझौता एक्सप्रेस रेल सेवा शुरू की गई थी। यह ट्रेन भारत के अटारी से पंजाब के लाहौर तक चलती थी, लेकिन अब यह सेवा बंद हो चुकी है। इसके अलावा राजस्थान के बाड़मेर से पाकिस्तान के कराची तक थार एक्सप्रेस भी चलती थी, लेकिन 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद इसे भी बंद कर दिया गया था। इसके अलावा दिल्ली से लाहौर जाने के लिए सदा-ए-सरहद बस सेवा शुरु हुई थी, जिसे अब बंद किया जा चुका है। बता दें पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान जाने के लिए हवाई मार्ग और अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए सीमित आवाजाही थी, लेकिन इस हमले के बाद पाकिस्तान ने भारत के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया है, जिससे हवाई यातायात पूरी तरह बंद हो गई है।

### जाति जनगणना के फैसले पर लालू यादव का आया बयान

# क्रेडिट लेने की होड़, जाति जनगणना की पहल जनता दल सरकार ने की

पटना। केंद्र सरकार ने जाति जनगणना देश भर में करने की घोषणा की है। राजद प्रमुख और पूर्व सीएम लालू यादव ने केंद्र में होने वाले जातिगत जनगणना को लेकर पोस्ट किया है। उन्होंने दावा किया कि जाति जनगणना की मूल पहल जनता दल की सरकार ने 1996-97 में की थी, जब वह राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और देश में संयुक्त मोर्चा की सरकार सत्ता में थी।



लालू ने कहा, हमारी सरकार ने 2001 की जनगणना में जातिगत आंकड़े जुटाने का निर्णय कैबिनेट से पास किया था, लेकिन इसके बाद सत्ता में आई वाजपेयी की एनडीए सरकार ने इस फैसले पर अमल नहीं किया

उन्होंने बताया कि 2011 की जनगणना के दौरान मुलायम और शरद यादव के साथ मिलकर संसद में जोरदार ढंग से जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी। हम लोगों ने कई दिन तक संसद को चलने नहीं दिया, तब जाकर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने का आश्वासन दिया।

लालू यादव ने दावा किया कि देश में पहली बार जातिगत सर्वे बिहार में उनकी 17 महीने की महागठबंधन सरकार के दौरान हुआ। उन्होंने कहा, जो समाजवादी हम लोग आज से 30 साल पहले आरक्षण, जाति गणना, समानता, धर्मनिरपेक्षता और बंधुत्व की बातें सोचते थे, वहीं बात अब दूसरे लोग दशकों बाद अपनाने लगे हैं राजद प्रमुख ने विरोधियों पर निशाना साधकर कहा, जातिगत जनगणना की मांग करने पर हमें जातिवादी कहा गया, लेकिन आज वहीं मांग पूरे देश में उठ रही है। इन संघियों को हम अपने एजेंडे पर नचाते रहने वाले है। अभी बहुत कुछ बाकी है।

दरअसल केंद्र की मोदी सरकार ने जाति जनगणना करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। यह जनगणना मूल जनगणना प्रक्रिया के साथ ही होगी। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह अहम फैसला हुआ।

### हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में

# पाकिस्तान सम्मेलन का भारतीय छात्रों ने किया विरोध



हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और विदेश मंत्री को पत्र लिखा

**वाशिंगटन**। अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टीट्यूट (एसएआई) के कैंपस में आयोजित पाकिस्तान सम्मेलन पर भारतीय छात्रों ने तीखा विरोध किया है। सम्मेलन में पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब, अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान शहीद शेख और प्रमुख पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर शामिल थे। भारतीय छात्रों का आरोप था कि यह कार्यक्रम उस देश को मंच दे रहा है, जो आतंकवाद को बढ़ावा देता है।

भारतीय छात्र सुरभि तोमर और अभिषेक चौधरी ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र लिखकर कहा कि हार्वर्ड यह सुनिश्चित करें कि उसका मंच धर्म के नाम पर नागरिकों की हत्या करने वालों के लिए सफाई देने का माध्यम न बने। इतना ही नहीं भारतीय छात्रों ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भी पत्र भेजकर मामले की जानकारी दी। उन्होंने पाकिस्तानी सम्मेलन को गलत ठहराया और मांग की कि यूनिवर्सिटी पहलगाम हमले की सार्वजनिक रूप से निंदा करे।

वहीं एसएआई के प्रशासक ने सफाई दी कि सम्मेलन पाकिस्तानी छात्रों की ओर से आयोजित किया गया था। संस्थान ने केवल सीमित समर्थन प्रदान किया था। हालांकि संस्थान के कार्यकारी निदेशक हितेश हाथी खुद एक पैनल चर्चा में भाग लेते दिखाई दिए थे। मामला बढ़ने के बाद संस्थान ने अपनी वेबसाइट से सम्मेलन से जुड़े लिंक और पेज हटा दिए।

दरअसल अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 3.31 लाख से अधिक है, जो बाकी एशियाई देशों के मुकाबले काफी ज्यादा है। दूसरी ओर पाकिस्तानी छात्रों की संख्या महज 10,988 है, जो चीन, बांग्लादेश, नेपाल से भी कम है। यह आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान अमेरिकी शिक्षा प्रणाली में लगातार पिछड़ रहा है।

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच तुर्की सैन्य प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचा

# भारत के खिलाफ एर्दोगन के मन में आखिर चल क्या रहा?

**इस्लामाबाद**। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच तुर्की का एक सैन्य प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान दौरे पर पहुंचा है। लेफ्टिनेंट जनरल यासर कोदिओग्लू के नेतृत्व में तुर्की का यह प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) मुख्यालय पहुंचा, जहां दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर चर्चा हुई।



तुर्की डिफेंस एजेंसी की ओर से बताया गया कि यह दौरा राजनीतिक और रक्षा सहयोग के उद्देश्य से किया गया है। इससे पहले तुर्की के छह सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान पाकिस्तान पहुंचे थे, जिससे सैन्य सहयोग को लेकर अटकलें शुरू हो गई थीं। हालांकि, तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि पाकिस्तान को किसी तरह के हथियार या गोला-बारूद की आपूर्ति नहीं की गई है। मंत्रालय ने यह भी कहा था, कि विमान लैंडिंग पाकिस्तान में केवल ईंधन भरने के उद्देश्य से की गई थी। वर्तमान में भारत और पाकिस्तान के बीच सुरक्षा स्थिति को लेकर संवेदनशील माहौल बना हुआ है। ऐसे में तुर्की प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा खासा मायने रखता है। भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है, लेकिन कूटनीतिक विशेषज्ञों ने इस पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि आखिर तुर्की के मन में चल क्या रहा है जो इस तनाव की स्थिति में इस तरह से अपनी मौजूदगी पाकिस्तान में बतला रहा है।

### 100 दिन पूरे होने पर थिरके ट्रंप, बाइडेन की खामियां गिनाई और अपनी उपलब्धियां गिनाई

**वाशिंगटन**। राष्ट्रपति के तौर पर 100 दिन पूरे करने का जश्न डोनाल्ड ट्रंप ने डांस करके मनाया। मिशिगन रैली में उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाईं और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की खामियों को बताया। इस रैली का नाम 100 डेज ऑफ ग्रेटनेस रखा गया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी वीडियो में ट्रंप डांसिंग मूव्स करते और मौजूद समर्थकों को थैंक्यू कहते देखे जा सकते हैं इस दौरान ट्रंप ने कहा कि हम आज रात अपने देश के इतिहास में किसी भी प्रशासन के सबसे सफल 100 दिनों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। ट्रंप ने इस दौरान टैरिफ से लेकर अप्रवासन नीतियों का बखान किया। उन्होंने बाइडेन प्रशासन और डेमोक्रेट्स पर जमकर हमला बोला। ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती बाइडेन पर तंज कसते हुए दोहराया कि 2020 का राष्ट्रपति चुनाव उन्होंने चुराया गया था। ट्रंप ने रोजगार सृजन के मामले में भी अपनी पीठ थपथपाई। बहुत सारी ऑटो नौकरियां आ रही हैं।

# साल 2043 में यूरोपीय देशों में मुसलमानों का राज होगा, बाबा वेंगा की भविष्यवाणी

**लंदन**। बुल्गेरियाई रहस्यवादी बाबा वेंगा की 2025 में यूरोप में इस्लामिक शासन की भविष्यवाणी फिर चर्चा में है। बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की है, इसके मुताबिक साल 2043 में यूरोपीय देशों में मुसलमानों का राज होगा। यूरोप में 44 देश शामिल हैं, जिसमें से 5 देश पहले से ही इस्लामिक हैं। इसमें अल्बानिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, कोसोवो और उत्तरी मैसेडोनिया शामिल हैं।



बाबा वेंगा की भविष्यवाणी ने यूरोपीय देशों की चिंता बढ़ा दी है। बता दें कि बीते कई सालों में मुसलमानों की जनसंख्या यूरोपीय देशों में काफी तेजी से बढ़ी है। यूरोप में मुसलमानों के दबदबे की शुरुआत 2025 में होगी। इस तरह से ये धीरे-धीरे 2043 तक यूरोपीय सत्ता पर इस्लामी प्रभाव हावी होगा। साल 2011 में सीरिया में शुरू हुए गृहयुद्ध के बाद लाखों सीरियाई और पड़ोसी मुल्कों से लोग भागकर यूरोप की शरण में आए थे।

बाबा वेंगा को बाल्कन का नास्त्रेदमस भी कहा जाता है। वे न तो पढ़ सकती थीं, न लिख सकती थीं। बाबा वेंगा की एक प्रमुख भविष्यवाणी यह भी है कि साल 2025 से विश्व में एक भयानक महायुद्ध की शुरुआत होगी, जो खासकर मध्य-पूर्व में होगा।

### भारत के इस कदम पर पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और इसे एक्ट ऑफ वॉर करार दिया है

# कहां से निकलती है सिंधू नदी जिसका भारत-पाकिस्तान ने किया था समझौता

**नई दिल्ली**। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते खराब दौर में हैं। भारत ने इस हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी जल समझौते को रद्द कर दिया है। भारत सरकार आर-पार के मूड में है और सरकार का रुख स्पष्ट है कि पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते। उधर, भारत के इस कदम पर पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और इसे एक्ट ऑफ वॉर करार दिया है। इतना ही नहीं पाकिस्तान ने भारत को परमाणु बम की भी धमकी देनी शुरू कर दी है।




बता दें सिंधु जल समझौता इसलिए अहम था, क्योंकि पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत की खेती, बिजली परियोजनाएं और पीने की पानी की जरूरत इस पर ही निर्भर थी. समझौता रद्द होने से पाकिस्तान के सामने बड़ा जल संकट खड़ा हो सकता है। बता दें भारत और पाकिस्तान के बीच पानी के विवाद को सुलझाने के लिए 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत सिंधु जल प्रणाली की छह नदियों के जल का बंटवारा किया गया था, जिसके तहत सिंधु, चिनाब और झेलम नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिकार दिया गया था। यह सिंधु जल प्रणाली का 80 फीसदी जल था. वहीं भारत ने रावी, ब्यास और सतलुज पानी का उपयोग करना शुरू कर दिया।

सिंधु नदी तिब्बत में कैलाश पर्वत श्रृंखला के उत्तरी ढलानों में मानसरोवर झील के पास स्थित बोखर चू के निकट एक ग्लेशियर से निकलती है। यह नदी उत्तर से पश्चिम दिशा में बहती हुई भारत में लद्दाख क्षेत्र में प्रवेश करती है। यहां से यह जम्मू-कश्मीर होते हुए पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रवेश करती है और बाद में अरब सागर में मिल जाती है। सिंधु नदी की कुल लंबाई 2880 किलोमीटर है, जिसमें 1114 किलोमीटर की यात्रा यह भारत में ही पूरी करती है।

# पाकिस्तान के रावलपिंडी में डॉक्टर्स की हड़ताल से हजारों मरीज परेशान

**रावलपिंडी**। रावलपिंडी में तीन प्रमुख सरकारी अस्पतालों में चल रही डॉक्टर्स की हड़ताल से हजारों मरीजों को परेशानी हो रही है। पंजाब सरकार की सार्वजनिक अस्पतालों को आउटसोर्स करने की योजना के विरोध में यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) पिछले सप्ताह से हड़ताल पर है। रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने वाईडीए पंजाब के आह्वान पर तीन अस्पतालों में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाओं का बहिष्कार किया। इनमें होली फैमिली अस्पताल (एचएफएच), बेनजीर भुट्टो अस्पताल (बीबीएच) और रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल (आरटीएच) राजा बाजार शामिल हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि संभागीय प्रशासन के अधिकारियों ने अस्पतालों का दौरा किया। हालांकि कथित तौर पर ओपीडी में सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) को मनाने के लिए कुछ नहीं किया। रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल के मरीजों ने हड़ताल की आलोचना कर कहा कि सरकार अपने दावों के बावजूद बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में नाकाम रही। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अक्सर हर महीने हड़ताल पर जाते हैं। ज्यादातर गरीब लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में आते हैं, लेकिन यहां कोई सुविधा नहीं है। वाईडीए बीबीएच के अध्यक्ष आरिफ अजीज ने कहा कि रावलपिंडी के तीन प्रमुख शिक्षण अस्पतालों में वाईडीए की ओपीडी हड़ताल का नौवां दिन था, लेकिन न संभागीय प्रशासन और न ही अस्पताल प्रशासन ने उनसे संपर्क किया। अजीज ने कहा, यह विरोध वेतन को लेकर नहीं है। यह पूरी तरह से अस्पतालों की आउटसोर्सिंग के खिलाफ है। हम स्वास्थ्य सेवा के निजीकरण की अनुमति नहीं दे सकते है। अगर अस्पतालों को आउटसोर्स हुआ तब गरीब मरीज किफायती इलाज से वंचित हो जाएंगे।

## इम्यूनिटी बढ़ाने और तनाव खत्म करने में मदद करता है लाफ्टर थेरेपी, जानिए इसके फायदे

अंग्रेजी की एक कहावत लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन के बारे में तो आप सभी ने सुना होगा। लेकिन वर्तमान समय में लोग शायद इस कहावत को जैसे भूल चुके हैं। आजकल की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों के पास खुलकर हंसने का भी समय नहीं है। लेकिन अगर आप दिनभर में सिर्फ एक बार खुलकर हंसते हैं, तो इससे आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। बता दें कि खुलकर हंसने को लाफ्टर थेरेपी या हास्य योग भी कहा जाता है।

लाफ्टर थेरेपी में सिर्फ खुलकर हंसा जाता है। यह योग एक प्राकृतिक तरीका है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखने का। हालांकि बहुत सारे लोगों को इसके लाभ के बारे में नहीं पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हास्य योग के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे कि आप भी अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बना लेना चाहिए और खुद को फिट रख सकते हैं।

### तनाव से मिलेगी मुक्ति

अगर आप दिन में लाफ्टर क्लब में अपने दोस्तों, करीबियों और परिवार के साथ कुछ समय बिताते हैं और खुलकर हंसते हैं। तो इससे तनाव से राहत मिलती है। क्योंकि जब आप खुलकर हंसते हैं, तो शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है। जोकि आपके मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के साथ ही तनाव को भी कम करता है।

### दिल होगा मजबूत

जब आप खुलकर हंसते हैं तो इससे आपका दिल मजबूत होता है। क्योंकि हंसने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसलिए दिन में किसी ऐसे इंसान से जरूर बात करें, जिनसे बात करके आपको अच्छा महसूस होता है।

### पाचन तंत्र में होगा सुधार

खुलकर हंसने से पेट की मांसपेशियों पर सीधा असर होता है। अगर आप दिन में एक अच्छे से हसेंगे तो इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होगा। वहीं पेट संबंधी समस्याओं का खतरा भी कम होता है। साथ ही यह कैलोरी बर्न करने में भी सहायता करता है।

### इम्यूनिटी होगी मजबूत

बता दें कि हंसने की वजह से आपकी इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में आप बिता बात के लाफ्टर क्लब में हंसे या फिर अपने दोस्तों के साथ ठहाके लगाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी पर अच्छा असर पड़ता है। क्योंकि हंसने से शरीर में ऑक्सीजन का संचार होता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।






# हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में लाभकारी हो सकता है ये उपाय, दवाओं की नहीं पड़ेगी जरूरत

बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। जिन लोगों का खानपान और लाइफस्टाइल ठीक नहीं होता है, उन लोगों में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या अधिक देखने को मिलती है। हालांकि हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए करने के लिए 80/20 उपाय एक लाइफस्टाइल के तौर पर अपनाया जा सकता है। 80/20 के उपाय में 80न समय सक्रिय रहने और व्यायाम करने पर जोर दिया जाता है, तो वहीं 20न का समय आराम के लिए होता है। वहीं डाइट और व्यायाम आदि के जरिए हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे में अगर आपका भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के लिए हम आपको हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### 80/20 उपाय के लिए डाइट

### फाइबर से भरपूर डाइट

फल, सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और बीन्स में पर्याप्त मात्रा में घुलनशील फाइबर पाया जाता है, जोकि कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायता करता है।

### स्वस्थ वसा

वहीं एवोकाडो, नट्स, ऑलिव ऑयल और अलसी के बीज में वसा पाई जाती है, जो हृदय की सेहत के लिए अच्छा होता है। वहीं यह हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं।

### संतृप्त और ट्रांस वसा

डेयरी उत्पाद, लाल मांस और संसाधित खाद्य पदार्थों में संतृप्त वसा होती है। इसलिए हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए संतृप्त और ट्रांस वसा का कम से कम सेवन करना चाहिए।

### व्यायाम

नियमित रूप से दौड़ना, चलना, साइकिल चलाना और तैरना जैसे कार्डियो व्यायाम करना चाहिए। यह कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है।

इसके अलावा रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम जरूर करना चाहिए। या फिर डॉक्टर द्वारा बताए गए व्यायाम करें।

अगर आप ऑफिस में काम करते हैं, तो थोड़ी-थोड़ी देर पर टहलते रहें या फिर अन्य तरीके से सक्रिय रहें।

वहीं वजन कम करने से भी एलडीएल कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है।

### धूम्रपान

कोलेस्ट्रॉल की समस्या होने पर धूम्रपान का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ा सकता है और साथ ही धूम्रपान करने से हृदय रोग का खतरा भी बढ़ता है।

वहीं लहसुन और प्याज में कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं।

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर अर्जुन की छाल को पानी में उबालकर पीने से यह समस्या काफी हद तक कम की जा सकती है।

कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए अधिक पानी पीना चाहिए।

### जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट

अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक है, तो डॉक्टर से फौरन संपर्क करना चाहिए।

अगर आपको हाई कोलेस्ट्रॉल के लिए दवा की जरूरत है तो आपको डॉक्टर से परामर्श के बाद ही दवा का सेवन करना चाहिए।

80/20 का उपाय अपनाकर कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल किया जा सकता है। साथ ही यह हृदय रोग के खतरे को भी कम करता है।

## सेब खाने के कितने देर बाद पानी पीना चाहिए?

हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर सेब खाने की सलाह देते हैं। सेब का सेवन कर आप न केवल अपने इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकते हैं बल्कि अपनी ओवरऑल हेल्थ को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सेब को सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है। क्या आप जानते हैं कि सेब खाने के तुरंत बाद पानी पीने से आपकी सेहत पर नेगेटिव असर भी पड़ सकता है?

### सेब कंज्यूम करने का तरीका

आप एक दिन में एक से दो सेब खा सकते हैं। सुबह-सुबह खाली पेट सेब का सेवन करने से बचना चाहिए। शाम के समय भी सेब खाने से सेहत पर पॉजिटिव की जगह नेगेटिव असर पड़ सकता है। सेब को नाश्ते के बाद कंज्यूम किया जा सकता है। सेब खाने के कम से कम आधे से एक घंटे बाद ही पानी पीना चाहिए। सेब का सेवन करने के तुरंत



बाद पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### गौर करने वाली बात

आइए जानते हैं कि आपको सेब खाने के तुरंत बाद किन-किन चीजों को कंज्यूम करने से बचना चाहिए। सेब खाने के बाद मूली या फिर अचार जैसी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा इस फल को खाने के बाद चाय पीने से भी बचना चाहिए। सेब खाने के तुरंत बाद दूध पीना गट हेल्थ के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। सेब खाते समय आपको इन छोटी-छोटी बातों को अपने दिमाग में जरूर रखना चाहिए।

### सेहत के लिए वरदान

दादी-नानी के जमाने से सेब को सेहत के लिए वरदान माना जाता रहा है। सेब आपकी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर मोटापे को दूर करने में भी कारगर साबित हो सकता है। सेब बोन हेल्थ से लेकर हार्ट हेल्थ तक, आपकी सेहत को चौतरफा फायदे पहुंचाने में मददगार साबित हो सकता है।

## बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए महिलाएं रोजाना करें ये एक्सरसाइज, सेहत को भी मिलेंगे फायदे

**हर महिला के लिए 30-40 साल की उम्र का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। जो महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। इन हार्मोनल बदलाव की वजह से 30 से 40 साल की उम्र की महिलाओं को मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। जिसकी वजह से महिलाओं को पाचन संबंधी समस्या और वजन आदि बढ़ने लगता है। वहीं 30 से 40 साल की उम्र में हेल्दी और फिट रहने के लिए महिलाओं को एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस उम्र में महिलाओं को कौन सी एक्सरसाइज करना चाहिए।**



### कार्डियो एक्सरसाइज

रोजाना 30 से 40 साल की उम्र वाली महिलाओं को कार्डियो एक्सरसाइज करना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी दिल की सेहत में सुधार होता है और वेट कंट्रोल होता है। इसलिए रोजाना 30 मिनट जॉगिंग, वॉकिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करना चाहिए। कार्डियो करने से उम्र के साथ हार्मोन असंतुलन भी ठीक होता है।

### पिलाटेज

रोजाना 20 से 25 मिनट तक पिलाटेज एक्सरसाइज करने से महिलाओं की कोर स्ट्रेंथ मजबूत होती है और बैलेंस को मेंनटेन करने में सहायता मिलती है। वहीं 30 उम्र के बाद कमर, पीठ और शरीर के दर्द से राहत मिलती है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से महिलाओं की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसलिए रोजाना पुशअप्स, स्क्वाट्स और वेट लिफ्टिंग जैसी एक्सरसाइज करना महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है।

### हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

वहीं 30 साल की उम्र के बाद मेटाबॉलिज्म को स्ट्रांग बनाने और वेट लॉस में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग लाभकारी होती है। यह एक्सरसाइज करने से शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी कम करने और फिट रहने में सहायता मिलती है।

### ब्रीदिंग और बैलेंसिंग एक्सरसाइज

बता दें कि सांस संबंधित एक्सरसाइज जैसे डीप ब्रीदिंग और प्राणायाम करने से मानसिक तनाव कम होता है। वहीं रोजाना ब्रीदिंग करने से शरीर को पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन मिलता है, जिससे शरीर का विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने में सहायता मिलती है। वहीं बैलेंस एक्सरसाइज करने से सही तरीके से चलने और उठने-बैठने में आसानी होती है।

# 1 महीने सुबह अनार का जूस पीने के 10 फायदे, सेहत से लेकर सुंदरता तक के लिए रामबाण उपाय

**अनार को पोषक तत्वों का पावर हाउस कहा जाता है। लाल-सुर्ख स्वाद में मीठा अनार कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसमें आयरन, पोटेशियम, फाइबर, विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन बी, जिंक और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। रोजाना अगर सुबह एक गिलास अनार का ताजा जूस पिया जाए तो सेहत में कई तरह के चमत्कारिक बदलाव नजर आ सकते हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में।**

### त्वचा पर लाए चमक

अनार विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। इससे त्वचा पर प्राकृतिक चमक आती है।

### वेटलॉस में करे मदद

सुबह खाली पेट एक अनार का जूस पीने से वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि अनार कम कैलोरी वाला फल होता है।

### स्ट्रेस करे कम

आज के समय में हर कोई किसी न किसी वजह से तनाव में रहता है। ऐसे में अनार के जूस का सेवन करने से मानसिक तनाव कम होता है।

### खून की कमी करे दूर

महिलाओं में अक्सर खून की कमी देखी जाती है। ऐसे में उन्हें रोजाना अनार का जूस पीना चाहिए। यह आयरन का अच्छा सोर्स माना जाता है, जो खून की कमी को दूर करने में मदद कर सकता है।

### इम्यूनिटी को करे बूस्ट

अनार के जूस में विटामिन सी, ई और के जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसके साथ ही अनार का जूस प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। इसे पीने से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

### सूजन घटाने में करे मदद

कई लोग शरीर के अलग-अलग हिस्से पर कई वजहों से सूजन आने से परेशान रहते हैं। ऐसे में अनार का जूस सूजन से लड़ने में मदद करता है।



### याददाश्त बनाए बेहतर

इसे नियमित रूप से पीने से मस्तिष्क को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाकर याददाश्त और सीखने की क्षमता बढ़ सकती है।

### दिल को रखे स्वस्थ्य

अनार का जूस रोजाना पीने से रक्तचाप कम होता है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर बेहतर रहता है। इसके सेवन से आपका दिल स्वस्थ रहता है।

### पाचन में करे मदद

अनार का रस पाचन को उत्तेजित करता है। इसके साथ ही आंत को आराम देता है। खासकर सुबह के समय इसे पीने से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं।

### नेचुरल एनर्जी करे बूस्ट

रोजाना अनार का जूस पीने से नेचुरल एनर्जी बूस्ट होती है। इसमें प्राकृतिक शर्करा और पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सोना गिरवी रखने का झांसा देकर ठग ने गोल्ड फायनेंस कंपनी को लगाया लाखो का चूना

भोपाल। शाहपुरा थाना पुलिस ने एक ऐसे जालसाज के खिलाफ मामला कायम किया है, जिसने एक गोल्ड फायनेंस कंपनी से डील कर कहा कि मैंने दूसरे कंपनी में अपना सोना गिरवी रखकर लोन लिया हुआ है। अगर आप मुझे ज्यादा मुनाफा दे तो मैं वहां से सोना निकालकर आपकी कंपनी में रखवा दूंगा। गोल्ड कंपनी के प्रतिनिधि ने बातचीत के बाद भरोसा करते हुए सोना रखने से पहले ही रकम का चेक दे दिया। जालसाज ने चेक के पैसे ऐंठ लिए और सोना भी जमा नहीं करवाया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बसंत देशपांडे ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह रोहित नगर शाहपुरा में मुथुट फायनेंस कंपनी में काम करते है। आरोपी राकेश चौरे नाम का व्यक्ति ब्रांच से पूर्व में लोन ले चुका था, जिसके चलते उसका ब्रांच में आना-जाना था। बीते जनवरी महीने में राकेश ब्रांच में आया और उसने कहा की मैंने टीटी नगर स्थित कैप्री गोल्ड फायनेंस कंपनी में सोना गिरवी रखकर लोन लिया है। अगर आपकी कंपनी मुझे मुनाफा दे तो सोना वहां से निकालकर आपकी कंपनी में गिरवी रख दुगां। कंपनी कर्मचारी ने उसका प्रपोजल मुख्यालय भेजा वहां से प्रस्ताव फायनल होने के बाद तीन लाख रुपए से अधिक रकम का चैक राकेश को देते हुए जल्द ही सोना लाकर उनकी कंपनी में गिरवी रखने को कहा।

### नाबालिग बेटे के बनाये वीडियो से पति को पता चल गये पत्नि और मकान मालिक के सबंध

**भोपाल।** शहर के गोविंदपुरा थाना इलाके में किराये से रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नि और मकान मालिक को जमकर कूट दिया। उसके नाबालिग बेटे ने उसकी पत्नि और मकान मालिक के एक साथ समय बिताते समय का मौज-मस्ती में वीडियो बना लिया था। बाद में यह वीडियो पति ने देखा तो वह आगबबूला हो गया और दोनो को धुन दिया। मामले में पुलिस ने पति सहित मकान मालिक के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जाकनारी के अनुसार इलाके में स्थित एक बस्ती में परिवार के साथ किराए से रहने वाला व्यक्ति प्रायवेट जॉब करता है। उसके परिवार में पत्नि सहित दो नाबालिग बेटे हैं। बीते दिनो उसने अपने मकान मालिक को जमकर पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पति के खिलाफ मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो सारा मामला सामने आ गया। पति ने पुलिस को एक वीडियो दिखाया इस वीडियो में उसकी पत्नी मकान मालिक के साथ आपत्तिजनक हालत में नजर आ रही थी। पति का कहना है की उसके काम पर जाने के बाद उसकी पत्नी मकान मालिक को घर में बुलाकर उसके साथ समय बिताती थी। उन दोनो के साथ होने के दौरान यह वीडियो उसके नाबालिग बेटे ने खेल-खेल में बना लिया था, जिसकी जानकारी उसकी पत्नि को नहीं थी। बाद में बेटे का मोबाइल चलाते समय उसे पत्नि और मकान मालिक का आपत्तिजनक वीडियो देखा तो उसका दिमाग घूम गया। इसकी भनक लगने पर पहले उसने पत्नी की पिटाई लगाई इसके बाद मकान मालिक को पीट दिया।

### ऑनलाइन फूड में निकली मरी हुई मक्खी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप स्विगी से मंगवाये गये खाने में मरी हुई मक्खी मिलने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने होटल को दोषी मानते हुए 15 हजार 130 रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामला 25 मार्च 2024 का है, जिसके लिये पीड़ित ने एक साल तक कानूनी लड़ाई लड़ी। जानकारी के मुताबिक गौतम नगर इलाके में रहने वाले अभिषेक ने रात करीब साढ़े 10 बजे स्विगी के जरिए एक बटर खिचड़ी और लस्सी का ऑर्डर दिया था। ऑर्डर की डिलेवरी आने पर खाने का पार्सल खोलने से पहले ही पारदर्शी पैकिंग में खिचड़ी के अंदर मरी हुई मक्खी नजर आई। अभिषेक ने फौरन ही स्विगी को ईमेल और चैट के जरिए इसकी शिकायत की। लेकिन इसके जवाब में स्विगी की और से कहा गया की उन्होंने होटल को खाने का पैमेंट कर दिया दिया है, अब यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है। परेशानी का हल नहीं मिलने पर अभिषेक ने उपभोक्ता आयोग में केस किया। मामले की सुनवाई भोपाल उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय ने की। सुनवाई पुरी होने पर अपने फैसले में उन्होंने कहा कि खाने में मरी हुई मक्खी मिलना होटल की लापरवाही है। क्योंकि स्विगी केवल खाना पहुंचाने का एक माध्यम है, इसलिए उसकी जिम्मेदारी नहीं बनती। साथ ही उपभोक्ता आयोग ने होटल को आदेश दिया कि वह 2 महीने के अंदर ऑर्डर राशि 130 रुपए वापस करें।

# माँ दुर्गाजी शिव परिवार एवं श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री रुद्रा महायज्ञ का आयोजन

## ग्राम डूंगरिया में निकाली गई भव्य कलश एवं शोभा यात्रा





बैरसिया के डूंगरिया द्वारा नव निर्मित मां दुर्गा जी मंदिर मेन चौराहे बस स्टैंड पर शिव परिवार, हनुमंत लाल एवं मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्व के दैहिक दैविक भौतिक ताप निवारणार्थ एवं विश्व कल्याणार्थ दिनांक 1माई 2025 से मढ़ माता मंदिर प्रांगण में श्री रुद्रा महा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा हे यज्ञिक कार्यक्रम दिनांक 1 माई 2025 को यजमान शुद्धी कलश यात्रा पंचांग पूजन मंडप प्रवेश एवं जलाधिवास दिनांक 3 माई 2025 को देव आव्हान अग्नि स्थापना एवं नित्यार्चन हवन एवं 9 माई 2025 को नित्यार्चन हवन महा स्नापन को नित्यार्चन हवन प्रतिष्ठा न्यास पूर्ण आहुति एवं महा प्रसादी वितरण श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली ग्राम डूंगरिया में भव्य कलश एवं शोभा यात्रा

गाजे बाजे के साथ भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गाई।कलश शोभायात्रा स्थानीय मढ माता मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से होती हुई मढ माता प्रांगण मंदिर पहुंचकर कलश स्थापना के साथ संपन्न हुई।

### कलश यात्रा का हुआ ग्राम में जगह जगह स्वागत

कलश शोभायात्रा का ग्राम के अनेक धार्मिक राजनैतिक सामाजिक संगठनों के अलावा ग्राम की जनता ने पुष्प बर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

### आकर्षण का केन्द्र रहे

धर्म ध्वजा लिए चल रहे घुड़सवार आकर्षक घोड़ा बग्गी में बैठे यज्ञ आचार्य पंडित श्री बृजेश जी पाराशर पीताम्बर वस्त्रों में सिर पर कलश लिए चल रही महिलाएं डी जे एवं ढोल की थाप पर नृत्य करती युवाओं की टोली केसरिया ध्वज लहराकर जय मां दुर्गा का नारा लगाते चल रहे युवा आकर्षण का केन्द्र रहे। ग्राम डूंगरिया ग्राम वासियों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की हे कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाए एवं पुण्य लाभ अर्जित करे।

# परिणय बंधन में बंधे खुश और लवीना

## स्वजन, परिजन और मित्रों के साथ ही गणमान्यजन भी पहुंचे बधाई देने



सीहोर। भारतीय पत्रकार संघ के राष्टीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दयाल गोहिया व जिला भाजपा महामंत्री श्री राजकुमार गुप्ता के भांजे और श्री गोविंद अग्रवाल के छोटे सुपुत्र चि. खुश (शुभम) अग्रवाल सीए का विवाह सौ. कां. लवीना (चारुल) सीए के साथ बुधवार को क्रिसेंट गार्डन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिवारीजनों के साथ क्षेत्रीय विधायक श्री सुदेश राय और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती अरुणा राय, नपा अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री लोकेंद्र मेवाड़ा, जिला भाजपा अध्यक्ष व पूर्व नपा अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, भाजपा नेता सीताराम यादव, शैलेश पटेल, अनिल अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, पंडित शैलेश तिवारी, राजा अग्रवाल, कमलेश कटारे आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शिक्षकों को कब मिलेगा चतुर्थ समय मान वेतनमान: सतीश शर्मा

माधो सिंह दांगी बैरसिया।। मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सतीश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा 35 वर्ष सेवा काल उपरांत अधिकारी कर्मचारियों को चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदाय करने के आदेश प्रसारित किए गए थे. तथा आदेश अनुसार समस्त विभागों में चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदाय किया जा रहा है. परंतु शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षक/ उच्च श्रेणी शिक्षक को वरिष्ठ अधिकारियों की मनमानी के कारण यह लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है. जिसके कारण शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है.जवकि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को चतुर्थ समय मान वेतनमान का लाभ प्रदाय किया जा रहा है.. मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के अशोक प्रताप सिंह अनीता सारस्वत धर्मेंद्र सिंह सुनील मिश्रा हरीश नामदेव आर पी सिंह कौशल शर्मा दौलत पवार राम रतन सिंह नरेंद्र सिंह तोमर धर्मेंद्र रघुवंशी विजय सिंह नरेश मिश्रा हेमराज राणा सलमा शाह संतोष मिश्रा मोहन चंद्र गौतम साधना सिंह निर्भय सिंह परिहार कोमल सिंह केशव सिंह अमरीश शर्मा पंकज सिंह अरुण कुमार विश्वकर्मा धनंजय सिंह महेंद्र सिंह दीपक तिवारी मनोज मेहर राजेश नामदेव अनिल भार्गव आदि सभी ने अति शीघ्र चतुर्थ समय मान वेतनमान दिए जाने की मांग की है।जवकि शिक्षा विभाग में ही अन्य संवरग को चतुर्थ समय मान वेतनमान का लाभ प्रदाय किया जा रहा है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बंद रहा नौगांव

## पाकिस्तान का पुतला दहन कर उठाई गई कठोर कार्रवाई की मांग



नौगांव। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को नौगांव में विश्व हिंदू परिषद, युवा समाजसेवियों और सभी राजनीतिक दलों के सहयोग से पूर्ण बंद का आयोजन किया गया। नगर में सुबह से ही बाजार, दुकानें और यातायात ठप रहे, जबकि प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का पुतला दहन कर केंद्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की। सुबह 9 बजे सब्जी मंडी के विक्रेताओं ने मंडी बंद रखी और पाकिस्तान का पुतला जलाया। अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर बसों का आवागमन न्यूनतम रहा। मुख्य बाजार में केवल आवश्यक सेवाएं जैसे मेडिकल स्टोर और अस्पताल खुले रहे, जबकि सब्जी, दूध, किराना, कपड़ा, शराब, लोहा, सीमेंट दुकानें और हाथ ठेले पूरी तरह बंद रहे। पिछले दो दिनों से युवा समाजसेवी और ब्राह्मण संगठन बंद की अपील कर रहे थे, जिसका व्यापक असर दिखा। दोपहर 12 बजे रामायण कंपनी चौराहे पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के झंडे को जमीन पर बनाकर पैरों से कुचला। इसके बाद पाकिस्तान की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली गई, जो मुख्य बाजार, मजदूर चौराहा, मुसाफिर खाना और कोठी चौराहे से होती हुई अंत में दहन की गई।

# श्री बागेश्वर धाम शिष्य मंडल छतरपुर की बैठक संपन्न

## सुंदरकांड मंडलों के सम्मेलन हेतु बाटी जिम्मेदारियां



छतरपुर। आगामी 4 मई 2025 को बागेश्वर धाम सिद्ध पीठ आश्रम में सुंदरकांड मंडलों का महासम्मेलन आयोजित है इस सम्मेलन में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री महाराज अपना उद्बोधन देंगे और सुंदरकांड के महत्व को समझाएंगे। इस हेतु छतरपुर शिष्य मंडल कि आज बैठक इंद्र विक्रम सिंह बुंदेला इंदु राजा की निवास पर संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता बागेश्वर धाम जन समिति के सचिव राजेंद्र मिश्रा ने की और मुख्य रूप से मंडल छतरपुर प्रभारी राजेंद्र अवस्थी ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां बांटी। आयोजन की जानकारी देते हुए समिति के कार्यकर्ता सुंदरलाल रैकवार ने बताया कि बागेश्वर धाम के पीठश्वर परम पूज्य गुरुदेव धीरेंद्र शास्त्री महाराज के नवीन संकल्प अनुसार हिंदू राष्ट्र की कल्पना सुंदरकांड मंडलों के माध्यम से एक सुखद प्रयास है। महाराज श्री के अनुसार शहर गांव में सुंदरकांड की मंडलियों को और मजबूत आधार बनाकर बागेश्वर धाम शीश मंडल के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा ताकि जहां-जहां भी श्री हनुमान जी के मंदिर अविकसित हैं उन मंदिरों का विकास किया जाए ।प्रत्येक मंगलवार अथवा शनिवार को निश्चित समय पर सुंदरकांड का वाचन किया जाकर हिंदुत्व भाईचारे का संदेश पहुंचाएं। आने वाले समय में सुंदरकांड मंडलों का और विस्तार किया जाएगा अभी 108 सुंदरकांड मंडल एक साथ बैठकर बागेश्वर धाम सिद्ध पीठ आश्रम आश्रम पर सार्वजनिक रूप से वाचन करेंगे। इस आयोजन के पूर्व से रजिस्ट्रेशन किया जा रहे हैं क्षेत्रवाद की कोई बाध्यता नहीं है संपूर्ण भारत से कहीं से भी आकर धाम पर सुंदरकांड का वचन कर सकते हैं ऐसा परमपूज गुरुदेव का आदेश है। समिति के अनुसार अभी तक धाम के में लगभग डेढ़ सौ मंडलों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है और भी रजिस्ट्रेशन अभी लगातार हो रहे हैं रजिस्ट्रेशन उपरांत मंडलों के सदस्यों के परिचय पत्र बागेश्वर धाम जन समिति के द्वारा प्रदान किए जाएंगे

# पूर्णाहुति के साथ पांच दिवसीय यज्ञ का संपन्न



माधो सिंह दांगी बैरसिया। बैरसिया। ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी, शिव परिवार मां सरस्वती जी के प्राण प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय हरिहरात्मक महायज्ञ महोत्सव बुधवार को, पूर्णाहुति के साथ पांच दिवसीय, यज्ञ का संपन्न, हुआ मंदिर भगवान श्री परशुराम जी, सहज विहार कॉलोनी पांच दिवसीय इस यज्ञ से आसपास का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। यज्ञ के अंतिम दिन वेद मंत्रोच्चार के साथ यज्ञाचार्य आचार्य पं प्रमोद पद्मनाभ शास्त्री मंदिर हरसिद्धि मंदिर तरावली, एवं सर्व ब्राह्मण परिषद के संरक्षक, पंडित प्रमोद शास्त्री के द्वारा, भगवान श्री परशुराम जी, श्री शिव परिवार एवं मां सरस्वती जी, प्राण प्रतिष्ठा के साथ देवताओं की पूजा-अर्चना एवं हवन किया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। वही भगवान परशुराम जी की प्रतिमा, पंडित अविनाश उपाध्याय, विवेक उपाध्याय की ओर से रही, वही पांच जोड़ों का, विवाह, भी संपन्न कराया गया, यह कार्यक्रम सभी धर्म प्रेमी बंधुओ के सहयोग से सहा आनंद संपन्न हुआ श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा से पूर्णाहुति दी। यज्ञाचार्य एवं अन्य पंडितगण ने वैदिक विधानों के साथ महायज्ञ को संपन्न कराया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को यज्ञ संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए यज्ञाचार्य पंडित प्रमोद शास्त्री ने कहा कि यज्ञ की उपासना के द्वारा मनुष्य पूर्ण मनोकामना को पूरा कर सकता है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि व राजा-महाराजाओं ने यज्ञ की उपासना के माध्यम से ही अतुल शक्ति प्राप्त कर अपने-अपने इष्ट की सिद्धि प्राप्त की थी। वही इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, बैरसिया भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर, आशीष तिवारी, युवा नेता यतीश शर्मा विवेक उपाध्याय भोपाल करोद से आये सर्व ब्राह्मण परिषद, एवं ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर भर से ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाजों के लोग बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। वही बड़ी धूमधाम से भगवान परशुराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा करके उनका जन्मोत्सव मनाया।

# विश्वास सारंग ने किया 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025' का शुभारंभ

## शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में करेंगे विकसित



**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरूवार को तात्या टोपे स्टेडियम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदेशव्यापी 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री सारंग ने कहा कि 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर - 2025' मध्यप्रदेश के युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह शिविर केवल खेल सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक सजग, अनुशासित और सक्षम नागरिक के रूप में तैयार करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार के अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल अकादमियों से जुड़ाव और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर मिलेंगे।

**शिविर के नये प्रारूप से खिलाड़ियों को मिलेगा अवसर:** मंत्री सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले पारंपरिक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को इस वर्ष एक नवीन रूप प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश में पहली बार 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर - 2025' को नए तरीके से प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केवल खेलों से जुड़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच बनेगा जहाँ से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तराशा जाएगा।

### उत्कृष्ट खिलाड़ी निर्माण की त्रि-स्तरीय योजना

मंत्री सारंग ने बताया कि त्रि-स्तरीय योजना के तहत हम उत्कृष्ट खिलाड़ी निर्माण करेंगे। इसमें प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित किया जायेगा। द्वितीय चरण में चयनित खिलाड़ियों को विभाग की 'प्रतिभा खोज' और 'खेलो बढ़ो अभियान' जैसे योजनाओं से जोड़ा जाएगा। तृतीय चरण में शीर्ष खिलाड़ियों को खेल अकादमियों और 'खेलो एमपी' सहित विभाग की प्रमुख प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कर भविष्य के चैंपियन तैयार किए जाएंगे।

# राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंगः राज्यपाल




**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंग है। समारोह, राज्य के विकास, खुशहाली के लिए सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से नव निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अखंड भारत के सभी राज्य भारत माता के वह सपूत है, जिन्होंने अपनी धरोहर, संस्कृति और परंपराओं के सम्मान के साथ राष्ट्र के गौरव को बढ़ाया है।

समय की जरूरत है कि हमारी गौरवशाली आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में प्रत्येक नागरिक योगदान का संकल्प लें और एक भारत को श्रेष्ठ, भारत बनाए।

राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित महाराष्ट्र, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता एवं प्रदेश में निवासरत तीनों राज्यों के मूल निवासी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल का समारोह में तीनों राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा उनके राज्य की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के वीडियों संदेश का प्रसारण किया गया।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात तीनों ही प्रदेश हमारी विविधतापूर्ण, पौराणिक परंपरा की ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक धरोहरों के केन्द्र है। समय की मांग है कि राज्यों की मूल पहचान और सम्मान को बनाए रखते हुए भारत के गौरव को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने में प्रत्येक नागरिक अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं और ऋषियों की तपोभूमि है। प्रदेश का त्रिलोकीनाथ मंदिर और ब्रह्मा कमल जैसे तीर्थ स्थल हमारे अध्यात्मिक गौरव के प्रतीक है। भारत माता का भाल यह प्रदेश पांडवों के वनवास काल के दौरान उनकी ध्यान, साधना और तपस्या का केंद्र भी रहा है। महाप्रलय के बाद जब सर्वत्र जल ही जल रह गया था, तब मनु ऋषि ने अपनी नौका प्रदेश के मनाली में लाकर जीवन की पुन: स्थापना की थी।

# सीवेज और नाली मरम्मत वर्षा पूर्व करना सुनिश्चित करें : कृष्णा गौर

## गोविंदपुरा क्षेत्र की बस्तियों में भ्रमण कर रहवासियों की सुनी समस्याएं



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों का भ्रमण के दौरान जनता से उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि समस्याओं का मौके पर निराकरण के प्रयास भी किये जा रहे है। उन्होंने कहा सीवेज, नाली मरम्मत आदि के कार्यों को वर्षा पूर्व करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर को शंकराचार्य होम्स के रहवासियों ने जलापूर्ति में कम प्रेशर, पानी की कमी, स्ट्रीट लाइट की खराबी एवं सीवेज संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। राज्यमंत्री ने शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अंजलि विहार के नागरिकों ने जनसंवाद के दौरान जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था जैसे विषयों को उठाया। इस पर त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए।

प्रोसपेरा कॉलोनी, वैष्णों परिसर और श्री रामेश्वरम कॉलोनी के रहवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने, सीवेज व्यवस्था दुरुस्त करने, स्ट्रीट लाइट सुधारने एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। यशोदा गार्डन में नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीवेज व्यवस्था को दुरुस्त करने, अतिक्रमण हटाने एवं पार्क निर्माण कार्यों को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

# विद्युत सुरक्षा मापदंड पालन के लिए बिजली कंपनी का अभियान

इंदौर। विद्युत सुरक्षा मापदंडों के पालन, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, प्रोटोकॉल का ध्यान रखने को लेकर बिजली वितरण कंपनी ने अभियान संचालित किया हैं। इसके तहत इंदौर ग्रामीण वृत्त के अरविंदो अस्पताल के पास भौरासला और धामनोद में सुरक्षा मॉक ड्रिल का गुरुवार को आयोजन हुआ। अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देश एवं मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में



सुरक्षा नियमों के पालन के लिए सभी 38 जोन, वितरण केंद्रों के प्रभारियों के आदेशित किया गया हैं, ताकि हादसों में कमी लाई जा सके और कार्मिकों की सुरक्षा के साथ उपभोक्ता सेवाओं में और बेहतरी की जा सके। उन्होंने बताया कि अरविंदो अस्पताल के पास भौरासला, एवं धामनोद में कार्मिकों ने इसी क्रम में मॉक ड्रिल का आयोजन कर वृत्त के कार्मिकों को नियम पालन के लिए आह्वान भी किया। सुरक्षा शपथ भी ली गई। धार के नौगांव में भी इस तरह का महत्वपूर्ण आयोजन अधीक्षण यंत्री श्री निर्मिल शर्मा, श्री डीके गाठे की मौजूदगी में हुआ। खंडवा जिले में अधीक्षण यंत्री श्री सुधीर आचार्य की मौजूदगी में सुरक्षा मापंदडों के पालन में मैदानी कार्यों का परीक्षण हुआ। खरगोन में कार्यपालन यंत्री श्री सौरभ साहू व अन्य अभियंताओं की मौजूदगी में सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इधर कंपनी ने विभिन्न अधिकारियों को मॉक ड्रिल के लिए पर्यवेक्षण अधिकारी बनाया हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक,मुद्रक,एवं संपादक, कल्याण मल जैन द्वारा समता प्रिंटर्स , बी-15 प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1 एमपीनगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित कराकर शॉप नम्बर 3 एस के टॉवर , अल्पना टॉकीज के पीछे भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक- कल्याण मल जैन , मो.8349212122, स्थानीय संपादक-कथक मल जैन। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा। ) RNI.NO.MPHIN/2013/54854